माघ शुक्ल पक्ष-6, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 241 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल

15 फरवरी 2024 गुरुवार

आज का मौसम

28 अधिकतम

15 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

## इलेक्टोरल बांड्स पर रोक

3 सप्ताह में एसबीआई को देनी राजनीतिक दलों को चंदा देने वालों की जानकारी

# यह असंवैधानिक व सूचना के अधिकार का उल्लंघन-सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

लोकसभा चुनाव के ऐलान से पहले सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड्स को अवैध करार देते हुए इसे सूचना के अधिकार का भी उल्लंघन बताया है। कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड स्कीम को अवैध करार देते हुए उस पर रोक लगा दी और कहा कि वोटर्स को पार्टियों की फंडिंग के बारे में जानने का हक है। कोर्ट ने आदेश दिए हैं कि बॉन्ड खरीदने वालों की लिस्ट सार्वजनिक की जाए ताकि नागरिक यह जान सकें कि सरकार के पास पैसा कहां से आता है और कहां जाता है। चीफ जस्टिस चूंद्रचूड ने फैसला सुनाते हुए कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड के अलावा भी काले धन को रोकने के दूसरे तरीके हैं। बॉन्ड की गोपनीयता 'जानने के अधिकार' के खिलाफ है। राजनीतिक दलों की फंडिंग के बारे में जानकारी होने से लोगों को मताधिकार का इस्तेमाल करने में स्पष्टता मिलती है। सीजेआई ने कहा कि राजनीतिक दलों की फंडिंग की जानकारी उजागर न करना मकसद के विपरीत है. एसबीआई को तीन हफ्तों के भीतर 12 अप्रैल 2019 से लेकर अब तक की जानकारी सार्वजानिक करनी होगी। एसबीआई को ये जानकारी चुनाव आयोग को देनी होगी और आयोग इस जानकारी को साझा करेगा।



### इलेक्टोरल बॉन्ड क्या हैं

बॉन्ड लागू करने के पीछे मत था कि इससे राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता बढ़ेगी और साफ-सुथरा धन आएगा। इसमें व्यक्ति, कॉरपोरेट और संस्थाएं बॉन्ड खरीदकर राजनीतिक दलों को चंदे के रूप में देती थीं और राजनीतिक दल इस बॉन्ड को बैंक में भुनाकर रकम हासिल करते थे। भारतीय स्टेट बैंक की 29 शाखाओं को इलेक्टोरल बॉन्ड जारी करने और उसे भुनाने के लिए अधिकृत किया गया था, ये शाखाएं नई दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, गांधीनगर, चंडीगढ़, पटना, रांची, गुवाहाटी, भोपाल, जयपुर और बेंगलुरु की हैं।

### नियम में थी एक प्रतिशत वोट मिलने की शर्त

उल्लेखनीय है कि सरकार ने दो जनवरी 2018 को इस योजना को अधिसूचित किया था। इसके मुताबिक चुनावी बॉण्ड को भारत का कोई भी नागरिक या देश में स्थापित इकाई खरीद सकती थी। जन प्रतिनिधित्व कानून के तहत पंजीकृत राजनीतिक दल चुनावी बॉण्ड स्वीकार करने के पात्र थे, शर्त बस यही थी कि उन्हें लोकसभा या विधानसभा के पिछले चुनाव में कम से कम एक प्रतिशत वोट मिले हों। चुनावी बॉण्ड को किसी पात्र राजनीतिक दल द्वारा केवल अधिकृत बैंक के खाते के माध्यम से भुनाया जाता था। बॉन्ड खरीदने के पखवाड़े भर के भीतर संबंधित पार्टी को उसे अपने रजिस्टर्ड बैंक खाते में जमा करने की अनिवार्यता होती थी।

वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में दाखिल किए गए नामांकन पत्र

# राज्यसभा की राह पर भाजपा के चार व कांग्रेस का एक कार्यकर्ता

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र कोटे की रिक्त हो रहीं पांच राज्यसभा सीटों के लिए नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन आज भाजपा व कांग्रेस के उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किये। भाजपा के चारों उम्मीदवारों ने सुबह विधानसभा परिसर में रिटर्निंग अफसर के दफ्तर पहुंचकर राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया। इस दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रह्लाद पटेल, कैलाश विजयवर्गीय समेत पार्टी की प्रदेश इकाई के तमाम वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। कल ही भाजपा ने चार सीटों पर और कांग्रेस ने एक सीट के लिए अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी। भाजपा ने पार्टी की महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया सहित केंद्रीय मंत्री डा. एल मुरुगन और उमेश नाथ महाराज तथा बंसीलाल गुर्जर को अपना प्रत्याशी बनाया है। नामंकन दाखिल करने से पहले भाजपा के चारों उम्मीवार पहले पार्टी के कार्यालय में पहुंचे। पार्टी प्रदेशाध्यक्ष ने उनका अभिनंदन किया। वहीं उमेश नाथ ने राज्यसभा का नामांकन दाखिल करने से पहले आज मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात की।



### कांग्रेस का ओबीसी वाला दांव, एक सीट पक्की

वहीं, कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव के लिए अशोक सिंह का नाम तय किया है। उन्होंने भी आज जीतू पटवारी,अजय सिंह आदि पार्टी नेताओं के साथ पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। दिग्विजय सिंह व कमलनाथ भोपाल के बाहर रहे। हालांकि कांग्रेस से कई नेताओं के नाम उभर रहे थे लेकिन अशोक सिंह का दांव चलकर कांग्रेस हाइकमान ने ओबीसी फैक्टर के साथ ही 'कार्यकर्ता सम्मान' का भाव भी दिखाया है। सिंह कई बार कांग्रेस के टिकट पर ग्वालियर से चुनाव लडे हैं लेकिन जोरदार कोशिशों के बाद भी 'अंदरूनी समीकरणों' के चलते हारे हैं। इस बार सिंह से पहले अजय माकन समेत जीतू पटवारी,अरूण यादव के नाम भी दौड़ में माने जा रहे थे। कमलनाथ का नाम भी उभरा था।



### पांचों का रास्ता साफ

समीकरणों के हिसाब से मप्र की चार सीटों पर भाजपा और एक पर कांग्रेस के उम्मीदवार की जीत तय लग रही है। सभी के पास सुविधाजनक वोट हैं। प्रदेश की पांच राज्यसभा सीटों पर मौजूदा सदस्यों का कार्यकाल 02 अप्रैल को समाप्त हो रहा है। इनमें भाजपा की ओर धर्मेन्द्र प्रधान, डा. एल मुरुगन, अजय प्रताप सिंह, कैलाश सोनी और कांग्रेस से राजमणि पटेल शामिल हैं।

दिल्ली की सीमा पर तनाव जारी

# आज सरकार से बात करने के लिए तैयार हुए किसान



**नई दिल्ली, एजेंसी।**

बीते तीन दिन से दिल्ली की सीमा पर एकत्र हो रहे किसान नेताओं ने केंद्र सरकार से बातचीत के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है. आज शाम 5 बजे चंडीगढ़ में तीसरे राउंड की बातचीत होगी। इस बातचीत के दौरान केंद्र सरकार की तरफ से कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा, वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय शामिल होंगे। इससे पहले दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर कृषि मंत्री मुंडा समेत अन्य केंद्रीय मंत्रियों ने बैठक की और किसानों से सुलह के फॉर्मूले पर चर्चा की थी। तब तय हुआ कि किसानों से तीसरे राउंड की बातचीत की जाएगी. किसानों को मनाने की कोशिश की जाएगी। सरकार ने किसानों की 10 मांगें मान ली हैं मगर तीन मांगों पर बात अटकी है। दरअसल किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य समेत अपनी अन्य मांगों को लेकर डटे हैं। कल दोनों पक्षों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बात की थी और तीसरे दौर की वार्ता पर सहमति बनी थी। तीसरे दौर की वार्ता ऐसे समय होगी जब किसान संगठनों ने 16 फरवरी को भारत बंद का आह्वान किया है। अब तक दिल्ली चलो मार्च के दौरान पंजाब और हरियाणा की शंभू बॉर्डर पर जबरदस्त बवाल देखने को मिला है। उधर दिल्ली की सीमा पर तनाव बना हुआ है। किसान जैसे ही शंभू बॉर्डर पर पहुंचे, हरियाणा पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इस दौरान झड़प हुई। आंसू गैस के गोले छोड़े गए। संघर्ष में करीब 60 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। उधर, दिल्ली में भी हाई अलर्ट है। एक महीने के लिए धारा 144 लगा दी गई है। दिल्ली से सटी हरियाणा और यूपी की सीमाओं को सील कर दिया गया है।

# पाकिस्तान ने सीमा पर दिखाई हेकड़ी सेना ने दिया गोलीबारी का जवाब

**जम्मू, एजेंसी।**

कंगाली के कगार पर पहुंचे पाकिस्तान की हेकडी नहीं जा रही है। पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर से लगी सीमा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन फिर किया है।



पाकिस्तान रेंजर्स ने जम्मू अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास आर एस पुरा सेक्टर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की एक चौकी पर अकारण गोलीबारी की। सेना के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वहीं जिस क्षेत्र में संघर्षविराम का उल्लंघन हुआ, वहां के लोगों ने कहा कि एक दशक से अधिक के अंतराल के बाद उन्होंने सीमा पार से गोलीबारी देखी। गोलीबारी की वजह से लोगों में दहशत फैल गई। बीएसएफ जम्मू फ्रंटियर के पीआरओ ऑफिस ने कहा कि करीब 5 बजकर 50 मिनट पर पाकिस्तान रेंजर्स ने आर एस पुरा इलाके में अकारण गोलीबारी की। इसका बीएसएफ जवानों ने माकूल जवाब दिया। गोलीबारी शाम सवा छह बजे बंद हो गई। अधिकारियों के अनुसार, मकवाल में सीमा चौकी पर तैनात बीएसएफ जवानों ने सीमा पार से गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दिया।

## जापान नहीं रहा दुनिया की तीसरी बड़ी इकोनॉमी, जर्मनी ने छीना ताज



**नई दिल्ली, एजेंसी।**

जापान से दुनिया की तीसरी बड़ी इकोनॉमी का ताज छिन गया और जर्मनी इसे पीछे छोड़ते हुए अब तीसरी बड़ी इकोनॉमी बन गया है. आज तमाम देशों की जीडीपी के आंकड़ों में ये सामने आया है। बीते दो तिमाहियों से जापान के सकल घरेलू उत्पाद में गिरावट का सिलसिला जारी है और इसका असर उसकी रैंकिंग पर पड़ा है। इसके साथ ही अमेरिकी डॉलर के मुकाबले येन की वैल्यू गिरने से भी स्थिति खराब हुई है।

**मंदी की चपेट में आ गया जापानः** जापान की जीडीपी में आ रही गिरावट के चलते ये देश अब मंदी की चपेट में आ गया है और इसका असर ये हुआ कि जापान ने दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का अपना स्थान खो दिया है. जपान जीडीपी अब 4.2 ट्रिलियन डॉलर पर आ गई है, जबकि इसे पछाड़ते हुए नंबर-3 पायदान पर पहुंचे जर्मनी की जीडीपी का साइज 4.5 ट्रिलियल डॉलर हो गया है. बीते अक्टूबर-दिसंबर की अवधि में जापान का सकल घरेलू उत्पाद सालाना आधार पर 0.4त्न तक गिर गया है। इससे पहले अक्टूबर महीने में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अनुमान जाहिर किया था कि अमेरिकी डॉलर में मापे जाने पर जर्मनी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरकर सामने आ सकता है, जापान पीछे रह सकता है।

# भारतीय और चाइनीज कंपनियों पर प्रतिबंध की तैयारी

**जर्मनी ।** यूरोपीय संघ भारतीय-चाइनीज समेत कई अन्य देशों की कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर रहा है। यूरोपीय संघ का आरोप है कि ये कंपनियां यूक्रेन के खिलाफ लड़ाई में रूस की मदद कर रही हैं। यूरोपीय संघ ने इन कंपनियों पर प्रतिबंध का प्रस्ताव दिया है और अगर ये प्रस्ताव सभी सदस्य देश पारित कर देते हैं तो ये पहली बार होगा, जब चीन की कंपनी पर यूरोपीय संघ सीधा प्रतिबंध लगाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यूरोपीय संघ जिन कंपनियों पर प्रतिबंध की तैयारी कर रहा है, उनमें हॉन्ग-कॉन्ग, सर्बिया, भारत, तुर्किए और चीन की कंपनियां शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से यह खबर सामने आयी है।



हालांकि कानूनी कारणों से कंपनियों के नामों का खुलासा नहीं किया गया है। कंपनियों पर प्रतिबंध का मतलब ये होगा कि जिन कंपनियों पर प्रतिबंध लगेगा, वो भविष्य में यूरोप की कंपनियों के साथ व्यापार नहीं कर पाएंगी। यूरोपीय संघ का आरोप है कि रूस इन्हीं थर्ट पार्टी कंपनियों की मदद से प्रतिबंधित सामान की खरीद कर रहा है, जो प्रतिबंधों की वजह से उसे सीधे नहीं मिल पा रहा है।

**मेट्रो एंकर**

हिंसा के बाद ऐसे रिसते हैं जख्म...

# बाबूजी...50 रुपये दे दो, मां बीमार है, आटा लेना है; पापा को पुलिस ले गई...

**देहरादून, एजेंसी।**

हिंसा का असर ऐसी घटनाओं के बाद भी कई दिनों और बरसों तक नजर आता है। इसके जख्म आसानी ने नहीं भरते। हाल में उत्तराखंड के हल्द्वानी में इसे महसूस किया जा सकता है। हल्द्वानी हिंसा के मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक की तलाश तो अभी जारी ही है। पुलिस उपद्रवियों को पकड़कर गिरफ्तार कर रही है। मगर इलाके के बनभूलपुरा में रोजी-रोटी कमाकर घर चलाने वालों के सामने बड़ा संकट आ गया है। लोग पेट भरने के लिये अन्न को मोहताज होने लगे हैं। ऐसा ही एक मंजर तब सामने आया जब छोटी सी बालिका भोजन के लिये चंद रूपयों की गुहार लगा रही थी। अमर उजाला की रिपोर्ट के मुताबिक यह बेटी बोली- अंकल 50 रुपये दे दो, घर में आटा नहीं है। मां बीमार है और पापा को पुलिस ले गई। कल से कुछ खाया नहीं। बनभूलपुरा की गलियों में जब यह आवाज कानों में पड़ी तो दिल पसीज गया।वह 8 से 10 साल की एक मासूम थी जो आंख में आंसू लिए उम्मीद भरी नजरों से देख रही थी। जैसे ही उसे रुपये मिले, वह उसे लेकर तेजी से भागते हुए गली में ओझल हो गई। बनभूलपुरा की तंग गलियां अभी तक कर्फ्यू के साये में है। शहर की सबसे अधिक भीड़ और शहर की सबसे देर रात तक खुलने वाली दुकानें सुनी पड़ी हैं। हर तरफ सन्नाटा है। पुलिस बैरिकेडिंग लगाकर बैठी है। गलियों में सन्नाटा है सड़क किनारे अधिकतर वाहनों के शीशे ऐसे टूटे हैं जैसे किसी ने डंडा मारकर तोड़ा हो। रात तीन बजे तक गुलजार रहने वाली गली में भी खामोशी है। पुलिस की गाड़ियों और जवानों के पैदल चलने की आवाज साफ सुनाई दे रही है। सफाईकर्मी काम पर हैं , पशुपालन विभाग का वाहन खड़ा है और डॉक्टर जानवरों की जांच कर रहा है। पुलिस व अर्धृदसैनिक बलो के वाहनों की आवाजाही चल रही है।



### जहां हिंसा हुई, वहां खुला थाना

हल्द्वानी में बनफूलपूरा क्षेत्र मलिक के बगीचे में अतिक्रमण पर प्रशासन की कार्रवाई के बाद हिंसा भड़क उठी थी जिसमे दर्जनों लोग घायल और 6 लोगो की मौत हुई थी। अब पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस इलाके में उसी जमीन पर पुलिस चौकी खोल दी है।जहां अवैध मस्जिद और मदरसे को गिराया गया था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घोषणा की थी कि जिस जगह से अतिक्रमण हटाने को लेकर हिंसा भड़की थी वहां थाना खोला जाएगा. सीएम धामी की घोषणा के 24 घंटे के अंदर ही पुलिस ने मलिक के बगीचे में अपनी पुलिस चौकी खोल दी गई है. अब इस जमीन को पुलिस ने कब्जे ले लिया है यहां जल्द एक थाना खोला जाएगा।

# शिक्षण सामग्री और गर्म वस्त्र का वितरण




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी राजधानी भोपाल के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य रहे पंडित स्व.मोहन लाल दीक्षित के जन्म दिवस पर ÷ पंडित मोहन लाल दीक्षित कला एवं समाज कल्याण समिति÷ द्वारा बसंत पंचमी उत्सव मनाया गया।इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला गौरा गांव में बच्चों को समिति और सजल श्रीवास्तव के सहयोग से उनकी आवश्यकता अनुसार शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया।

## ब्राह्मण सामूहिक विवाह समारोह



आरआर तिरहा साकेत नगर स्थित दुर्गा मंदिर परमार भवन में बसंत पंचमी पर महानगर समाज भोपाल द्वारा ब्राह्मण सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया जिसमें 11 जोड़ों का सामूहिक विवाह हुआ ब्राह्मण समाज का विवाह सम्मेलन आयोजित हुआ। चित्र में नवविवाहित दुल्हन अपने पति के साथ सेल्फी लेते हुए ।

### ई-रिक्शा से बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था, कलेक्टर, पुलिस आयुक्त को जांच के निर्देश

# अफसरों से सवाल-किस नीति व शर्तों पर हो रहा ई-रिक्शा का संचालन ....?

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**इन दिनों भोपाल में ई रिक्शा यातायात में अवरोध पैदा करने की बड़ी वजह बन रहे हैं। बीच रास्तों पर रेंगते ई रिक्शा से सड़कों पर वाहनों की कतार लग रही है। मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने भोपाल जिले हाल में कुछ मामलो का संज्ञान लिया। इसमें ई रिक्शा समस्या भी है।**

आयोग ने शहर में आठ हजार ई-रिक्शा से ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ने के मामले में आयोग ने कलेक्टर, पुलिस आयुक्त और नगर निगम आयुक्त को मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आयोग ने अधिकारियों से पूछा है कि ई-रिक्शा का संचालन किस नीति व शर्तों पर अनुमत है?

क्या ई-रिक्शा संचालन के कोई नियत रूट है या वे कहीं भी चल सकते है? ई-रिक्शा का संचालन नियंत्रित सुविधापूर्ण एवं अबाधित करने के संबंध में क्या कार्यवाही की गई है? ई-रिक्शा चालक के लिये क्या कोई योग्यता, चालन अनुज्ञप्ति की आवश्यकता नियत है?

आयोग के संज्ञान में आया है कि शहर के लगभग सभी सड़को पर आठ हजार से अधिक ई-रिक्शा के रॉग साइड से चलने और बैटरी बचाने के चक्कर में रात के समय हेडलाइट चालू नहीं होने आये दिन कई सड़क हादसे हो रहे है। कई नाबालिगों द्वारा ई-रिक्शा चलाया जा रहा है।



फाइल फोटो

### बेसहारा वृद्धा को सड़क पर फेंका

भोपाल के एमपी नगर में गायत्री मंदिर के पास सड़क किनारे एक बेसहारा वृद्धा के मिलने का मामला सामने आया है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि वृद्धा महिला को देर रात एक एंबुलेंस से उतारकर सड़क किनारे छोड़कर चले गए। मामले में आयोग ने हमीदिया अस्पताल अधीक्षक से मामले की जांच कराकर अस्पताल में भर्ती वृद्ध महिला को अस्पताल से बाहर भेजने और पुन: भर्ती किये जाने की परिस्थितियों के संबंध में तीन सप्ताह में जवाब मांगा है। इसके साथ ही बेसहारा मरीजों के संबंध में क्या दिशा निर्देश है यह भी जवाब मांगा है।

## परमार समाज का चक्का जाम




भोपाल। वीआईपी रोड पर राजा भोज प्रतिमा के सामने परमार समाज ने चक्का जाम किया। यहां लगी राजा भोज की प्रतिमा को नगर निगम द्वारा साफ नहीं किया जाना और नेम प्लेट पर धूल जमी होने के कारण परमार समाज के लोग भडक गये थे।

### बिलासपुर मंडल में पटरी जोड़ने के काम के चलते रेलवे का निर्णय

# भोपाल-बिलासपुर 17 से 8 दिन नहीं चलेगी, 3 प्रमुख ट्रेनें भी निरस्त रहेंगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र को छत्तीसगढ़ से जोड़ने वाली भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस 17 से 25 फरवरी तक 8 दिन नहीं चलेगी। इसके अलावा 3 और प्रमुख ट्रेनें भी इसी दौरान अलग-अलग तारीखों में निरस्त रहेंगी। रेलवे ने बिलासपुर रेल मंडल में पुरानी पटरियों को नई पटरियों से जोड़ने के काम के चलते उक्त निर्णय लिया है। रेलवे यात्रियों को परेशान होना पड़ रहा है। रेलवे ने इन 4 ट्रेनों के निरस्त रहने के मैसेज पूर्व से रिवर्जेशन कराने वाले यात्रियों को दे दिए है। जिसके बाद से यात्री उक्त अवधि में यात्रा के लिए दूसरी ट्रेनों में टिकट खोज रहे है लेकिन कुछ में नो रूम है तो कुछ में 100 से 150 तक की वेटिंग की है।



### ये ट्रेनें निरस्त रहेंगी

**ट्रेन** 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस 18 से 25 फरवरी तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

**ट्रेन** 18233 इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस 19 से 26 फरवरी तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

**ट्रेन** 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस 17 से 25 फरवरी तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

**ट्रेन** 18235 भोपाल- बिलासपुर एक्सप्रेस 19 से 27 फरवरी तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

## राजावीर विक्रमादित्य महोत्सव 16-17 मार्च को

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

राजावीर विक्रमादित्य मंदिर इसरानी मार्केट भोपाल में विक्रमादित्य महोत्सव परंपरागत तरीके से मनाया जाएगा। दो दिवसीय महोत्सव मार्च में होगा। लख्खू अगनानी ने बताया कि बीते 73 सालों से महोत्सव मनाया रहा है, इस बार 16 व 17 मार्च को सिंधी समाज के लोग धार्मिक आयोजनों के बीच महोत्सव मनाएंगे, जिसमें सतों द्वारा प्रवचन दिए जाएंगे, संत साहे लाल दासजी (चक्करवाहा) एवं साई ओमी रामजी वसण घोट दरबार (उल्लासनगर) संत संगत को निहाल करेंगे। महोत्सव में शामिल होने की अपील रवि कंजानी, वासदेव कल्याणी, नरेश अंदानी, किशन टेकचंदानी और चंदर कटारिया ने की है।



## कुकिंग विदाउट फ्लेम प्रतियोगिता हुई

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

नव युवक सभा द्वारा संचालित अनन्दराम टी. शाहानी कन्या विद्यालय परिसर में कुकिंग विदाउट फ्लेम प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने आग बिना व्यंजन बनाएं। सभा के संरक्षक वासदेव वाधवानी ने प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले को पुरस्कृत किया। विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या ज्योति चौहान , प्रधानाचार्य प्रिया धर्मदासनी समस्त शिक्षकगण व विद्यार्थी उपस्थित थे ।



## मिसरोद से बीआरटीएस हटना शुरू नहीं, यातायात समस्या बरकरार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी की कुछ बड़ी समस्या नई सरकार के गठन के 60 दिन बाद भी अधूरी है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मिसरोद से बीआरटीएस को फरवरी आखिरी में किसी भी हाल में हटाने के निर्देश दिए थे, लेकिन एजेंसी ही तय नहीं हो पाई। बैरागढ़ से लालघाटी तक बीआरटीएस कॉरिडोर हटा है, लेकिन यातायात के लिए नहीं खुल सका है।

बीआरटीएस- 20 जनवरी से बीआरटीएस को बैरागढ़ की ओर से हटाने व फरवरी दूसरे पखवाड़े से मिसरोद की ओर से हटाने के निर्देश थे। बैरागढ़ की ओर से बीआरटीएस को एलीवेटेड निर्माण एजेंसी अपनी सुविधा के अनुसार हटा रही है, जबकि मिसरोद से लालघाटी के बीच इसे हटाने एजेंसी ही तय नहीं हो पाई। जमीनी काम कब शुरू होगा, निगम के इंजीनियर नहीं बता पा रहे। ऐसे में लोगों को नर्मदापुरम रोड से लालघाटी तक जाम से राहत मिलना अभी मुश्किल है।

**मेट्रो एंकर** | विद्यालयों में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

# वसंत पंचमी पर बच्चों ने मां सरस्वती की पूजा की

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संतनगर के विद्यालयों में वसंत पंचमी पर कार्यक्रमों के आयोजन किए गए। मां सरस्वती की पूजा अर्चना विद्या की देवी से ज्ञान का आशीर्वाद मांगा गया। बच्चों को शिक्षाविदों ने वसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डाला।

साधु वासवानी स्कूल के विद्यार्थियों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर वसंत पंचमी का पर्व मनाया। शिक्षाविद विष्णु गेहानी ने कहा विद्या वह धन है जो जितना बांटोगे उतना बढ़ेगा। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष कॉपी, किताब एवं पेन की पूजा के साथ हुई। मां सरस्वती को हल्दी, कुमकुम, व पुष्प अर्पित किए गए। दीप प्रज्वलन कर विद्या का दान प्राप्त करने का आशीर्वाद लिया गया। कार्यक्रम में डॉ राजकुमार चोटरानी, नेचरोपैथी कॉलेज के हिमांशू शर्मा ने अपने विचार रखे।



### संस्कार स्कूल

वसंत पंचमी का पर्व परंपरागत तरीके से मनाया गया। संस्था की प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं बच्चों ने मां सरस्वती की पूजा की। संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, वसंत चेलानी ने कहा, ज्ञान से बड़ी कोई ताकत नहीं, ज्ञान कभी कोई छीन नहीं सकता, जितना हम दूसरों को देंगे वह उतना बढ़ेगा।

### प्रस्तुतियों में वंदना की नवयुवक सभा ने

सभा शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों ने वसंत पंचमी मनाई। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता समाजसेवी चन्द्र प्रकाश लालवानी ने सभा भवन में स्थापित मंदिर में मां सरस्वती की पूजा अर्चना की। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुतियां दीं। पुलवामा के शहीदों का नमन किया गया। वहीं ज्वाला कान्वेंट स्कूल में भी वसंत पंचमी का पर्व मनाय गया। बच्चों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना की। प्राचार्य राज बतरा ने वसंत पंचमी पर प्रकाश डाला।



# यह वक्त अपनी सामर्थय पहचानने का - सीएम

## नीति आयोग की संगोष्ठी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य स्तर पर विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि, देश की संपूर्ण अर्थव्यवस्था की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करती है। विनिर्माण क्षेत्र बड़ी संख्या में रोजगार के अवसरों का सृजन करता है। यह घरेलू बाजार में माल की आपूर्ति सशक्त करने के साथ-साथ आत्मनिर्भरता और अर्थव्यवस्था की सुरक्षा व स्थायित्व के लिए भी आवश्यक है। मुख्यमंत्री कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में नीति आयोग की 'भारत के विनिर्माण विकास में प्रदेश की सहभागिता' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व ने देश को अपनी सामर्थ्य पहचानने का अवसर प्रदान किया है। नीति आयोग के श्री प्रवाकर साहू ने कार्यशाला की रूपरेखा से अवगत कराया। मोदी का सुशासन के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अभिनंदनीय है। नीति आयोग ने देश की विकास प्रक्रिया को गति और निश्चित दिशा प्रदान की है। पंचवर्षीय योजनाओं के काल में अव्यवहारिक दृष्टिकोण और योजनाओं ने देश की प्रगति को प्रभावित किया। सकारात्मक सोच के अभाव में क्षमता, योग्यता व सामर्थ्य होते हुए भी देश में प्रतिभाएं घुटन महसूस करती थीं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनता के विश्वास के साथ योजनाएं क्रियान्वित हो रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश, खनन के क्षेत्र में देश में प्रथम स्थान पर है, यह नई नीतियां लागू करने के साहस और नवाचारों के परिणाम स्वरूप संभव हुआ है। अब सरकारें संबंधित समूहों से संवाद कर और उन्हें विश्वास में लेकर नीतियां क्रियान्वित कर रहीं हैं। हमारा अतीत सुशासन और बौद्धिक दृष्टि से बहुत संपन्न एवं समृद्ध रहा है। सम्राट विक्रमादित्य का सुशासन रामराज्य की याद दिलाता है।




# नए सत्र से भोपाल के सीएम राइज स्कूलों को मिलेगी बस सुविधा

## अन्य जिलों के लिए भी तैयारी, चार टेंडरों में से दो डाक्यूमेंट पूर्ण, शीघ्र खुलेगा टेंडर, शेष जिलों को 22 तक नए टेंडर का मौका

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** प्रदेश के सीएम राइज स्कूलों में परिवहन व्यवस्था शुरू करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने कवायद तेज कर दी है। भोपाल के सातों सीएम राइज स्कूलों में जल्द परिवहन सुविधा शुरू करने की तैयारी है। सबकुछ समय से हुआ तो नए सत्र में बच्चे बसों से स्कूल पहुंचेगे। बसों के संचालन के लिए चार लोगों ने टेंडर भरे थे, इनमें से दो के डाक्यूमेंट पूरे हो गए हैं, शीघ्र ही टेंडर खोलने की प्रक्रिया की जाएगी। अन्य जिलों के लिए 22 फरवरी तक टेंडर मंगाए गए हैं। बताया जा रहा है कि शासन सिर्फ 1 साल का अनुबंध कर रहा है ऐसे में कोई भी बस ऑपरेटर करोड़ों का इनवेस्टमेंट करने को तैयार नहीं है। अगर पुरानी बसें कोई लगाएगा तो सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन आड़े आ रही है।


### फिलहाल खुद के खर्चे से पहुंच रहे स्कूल




दरअसल, करीब तीन वर्ष से संचालित हो रहे सीएम राइज स्कूलों को नियमानुसार बच्चों को परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना थी। लेकिन अभी तक बसों के टेंडर ही नहीं हो पाए हैं। कई जिलों में खोले गए सीएम राइज स्कूलों में बच्चों को घर से लाने- ले जाने के लिए बस ट्रांसपोर्टर नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में बच्चों को दाखिला हो जाने के बाद अभी बच्चे स्वयं के खर्चे से ही स्कूल आ जा रहे हैं। स्कूल शिक्षा विभाग का कहना है कि बसों को अटैच करने के लिए वह एक विज्ञप्ति निकाल चुके हैं लेकिन कोई भी बस ऑपरेटर बसें लगाने के लिए तैयार नहीं है। ऐसे में अब विभाग दोबारा टेंडर रीकॉल करने जा रहा है।

## माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड

# 10वीं की गणित की परीक्षा में बने 7 नकल प्रकरण



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की कक्षा बारहवीं का मंगलवार को मनोविज्ञान और दसवीं का गणित का पेपर हुआ। बारहवीं कक्षा में कोई नकल प्रकरण नहीं बनाया गया। वहीं कक्षा दसवीं में प्रदेश भर में सात नकल प्रकरण दर्ज किए गए। प्रदेशभर में कक्षा दसवीं की परीक्षा के दौरान बनाए गए 7 नकल प्रकरण में राजग? में एक, बैतूल में एक और डिण्डौरी में पांच नकल प्रकरण बनाए गए हैं। 15 फरवरी को दसवीं का मराठी, गुजराती, पंजाबी, सिंधी, मूक बधिर व दृष्टिहीन छात्रों के लिए पेटिंग, गायन वादन, तबला पखावज, कम्प्यूटर व 12वीं का बायो टेक्नालॉजी, गायन वादन, तबला पखावज का प्रश्न-पत्र है।

### 16.80 लाख विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं

दोनों परीक्षाएं में प्रदेशभर से करीब 16.80 लाख विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। हाईस्कूल परीक्षा के लिए प्रदेश में 3,866 एवं हायर सेकेंडरी के लिए 3,637 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। राजधानी भोपाल के 106 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षाएं आयोजित की जा रही है।

### एमपी बोर्ड: आज 10वीं का मराठी, गुजराती, पंजाबी व 12वीं का जैव प्रौद्योगिकी का पेपर

एमपी बोर्ड की कक्षा दसवीं-बारहवीं की परीक्षाएं जारी हैं। गुरुवार को दसवीं का मराठी, गुजराती, पंजाबी, सिंधी, मूक बधिर तथा दृष्टिहीन छात्रों के लिए पेंटिंग, गायन वादन, तबला पखावज, कम्प्यूटर और बारहवीं का जैव प्रौद्योगिकी, गायन वादन, तबला पखावज का पेपर हुआ। परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से 12 बजे रहा। बता दें कि दोनों परीक्षाएं में प्रदेशभर से करीब 16.80 लाख विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। हाईस्कूल परीक्षा के लिए प्रदेश में 3,866 एवं हायर सेकेंडरी के लिए 3,637 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। राजधानी भोपाल के 106 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षाएं आयोजित की जा रही है।

## सम्मान समारोह




भोपाल, दोपहर मेट्रो। विचित्र कुमार सिन्हा स्मृति सम्मान समारोह में अनेक विशिष्टजनों का सम्मान किया। विस अध्यक्ष नरेंद्र तोमर भाजपा नेता प्रभात झा का सम्मान करते हुए। फोटो निर्मल व्यास

# 7 हजार 800 विद्यार्थियों ने 12वीं में प्राप्त किए बेहतर अंक, मिली स्कूटी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिये प्रोत्साहित करने के लिए निःशुल्क ई-स्कूटी योजना के तहत सरकारी स्कूलों में मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को निःशुल्क ई-स्कूटी प्रदान की जा रही है। इसमें पिछले शैक्षणिक सत्र 2022-23 में इस योजना का लाभ प्रदेश के 7 हजार 800 विद्यार्थियों को दिया गया है। इन विद्यार्थियों को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा ई-स्कूटी प्रदान की गई। पुरस्कृत विद्यार्थियों ने नियमित परीक्षार्थी के रूप में अपनी शाला में कक्षा 12वीं की परीक्षा में समस्त संकाय में सर्वाधिक अंक प्राप्त किएहैं। योजना में लाभ प्राप्त करने वाले चयनित विद्यार्थी को निशुल्क ई-स्कूटी के लिए अधिकतम 90 हजार रुपए की राशि प्रदान की गई है।



फाइल फोटो

### 2.50 लाख विद्यार्थियों को व्यवसायिक शिक्षा

स्कूल शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी शिक्षा देने के लिए व्यवसायिक शिक्षा देने की योजना शुरू की है। पिछले शिक्षा सत्र में प्रदेश ने 1540 स्कूल में 12 ट्रेड्स में करीब 2 लाख 56 हजार विद्यार्थियों को व्यवसायिक शिक्षा दिलाई गई। विद्यार्थियों को एग्रीकल्चर, अपेरल, ऑटोमोटिव, ब्यूटी एण्ड वेलनेस, बैकिंग एण्ड फायनेंस सर्विसेस, इलेक्ट्रिकल्स एण्ड हार्डवेयर, मीडिया एण्ड एंटरटेनमेंट, आईटी विद्या में निःशुल्क व्यवसायिक प्रशिक्षण दिलाया गया।

# संविदा मेडिकल ऑफिसर ने पत्र लिखकर कहा- विशेषज्ञ के खाली पदों पर करें संविलियन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

एनएचएम में पदस्थ संविदा मेडिकल ऑफिसर ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। उनकी मांग है कि मेडिकल कॉलेज के समान ही स्वास्थ्य विभाग के नियमित मेडिकल ऑफिसर और विशेषज्ञ चिकित्सक के खाली पदों पर संविलियन किया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सालों से एनएचएम में कार्यरत डॉक्टर को नजर अंदाज किया जा रहा है। यहा कारण हैं कि 2467 चिकित्सक मेडिकल ऑफिसर कैडर के अंतर्गत स्किल लैब, अर्बन पॉलीक्लीनिक हेल्थ सेंटर, डेंटल सर्जन तथा आयुष मेडिकल ऑफिसर के पद पर कार्य कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग में मेडिकल ऑफिसर व विशेषज्ञ चिकित्सकों के नियमित 3500 पद खाली पड़े हैं। लोक सेवा आयोग द्वारा चिकित्सकों के चयन होने के बाद भी ज्वाइंनिंग नहीं हो रही है।

# मैनिट में फैकल्टी रिक्रूटमेंट के लिए आवेदन 31 मार्च तक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (मैनिट) ने फैकल्टी रिक्रूटमेंट के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। आवेदन की आखिरी तारीख 31 मार्च हैं। फैकल्टी के 89 पद हैं। इसमें लेवल-10 व लेवल-12 के असिस्टेंट प्रोफेसर के ग्रेड-2, ग्रेड-1 के लिए वैकेंसी है। लेवल-1302 स्तर के एसोसिएट प्रोफेसर और लेवल-14ए लेवल के एसोसिएट प्रोफेसर की वैकेंसी निकाली है। इसके अलावा एसोसिएट प्रोफेसर के 9 और प्रोफेसर के लिए 15 पद हैं। इन सभी वैकेंसी में से 2 पद दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए रिजर्व हैं। जिसमें बैकलॉग भी शामिल हैं। असिस्टेंट प्रोफेसर ग्रेड-2 के लिए 60 वैकेंसी है।



**मेट्रो एंकर** | स्कूल शिक्षा मंत्री ने की योजनाओं की समीक्षा

# शैक्षणिक कैलेण्डर का किया विमोचन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मंत्रालय में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। स्कूल शिक्षा मंत्री ने निर्देश दिए कि सीएम राईज स्कूल प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इन स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता में लगातार सुधार के प्रयास किये जाते रहना चाहिए। योजना में तय समय-सीमा में स्कूल संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने इस दौरान स्कूल शिक्षा विभाग और सीएम राइज स्कूल की गतिविधियों पर केन्द्रित कैलेण्डर का विमोचन किया। कैलेण्डर के माध्यम से सुपर 100 योजना, डिजिटल साक्षरता, पीएमश्री स्कूल, सीएम राइज स्कूल, स्कूल बैंड, उमंग और अनुगूंज कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई है। बैठक में बताया गया की प्रदेश में 275 सीएम राईज स्कूल भवनों का निर्माण 9 हजार 641 करोड़ रूपये की लागत से किया जा रहा है। सीएम राईज स्कूल भवन निर्माण में 6 एजेंसी जुड़ी हुई है। लोक निर्माण विभाग का पीआईयू 129 भवनों का निर्माण करीब 4 हजार 409 करो? रूपये की लागत से कर रहा है। मंत्री सिंह ने स्कूल शिक्षा विभाग की टेक्नीकल बिंग से भवन निर्माण की लगातार निगरानी किये जाने के भी निर्देश दिए। बैठक में शैक्षणिक सत्र 2022-23 में परीक्षा परिणाम पर भी चर्चा की गई।





**सुविचार**

भरोसा रखें..
हम जब कहीं किसी का अच्छा कर रहे होते हैं, तब हमारे लिए भी कहीं कुछ अच्छा हो रहा होता है
-अज्ञात

## संपादकीय

# तत्काल कदम उठाने का वक्त

*एक बार फिर दिल्ली की सरहदें खौल रही हैं, किसानों का बड़ा जमावड़ा दिल्ली में दाखिल होने को आतुर है। किसानों का यह गुस्सा उनकी उन मांगों से जुड़ा है जो या तो अधूरी हैं या नयी हैं। इस वक्त जबकि देश आम चुनाव की तरफ बढ रहा है और अगले दो महीने के भीतर चुनाव होने वाले हैं ऐसे समय में किसानों की यह लामबंदी सरकार का नया टेंशन है और चुनावी चिंता के लिहाज से ज्यादा बड़ा तनाव है। अभी उत्तर भारत के पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों से बड़ी संख्या में किसानों का दिल्ली मार्च अच्छा संकेत नहीं है। लेकिन जिस तरह से पंजाब और हरियाणा की सीमा पर इन किसानों को रोकने के लिए पुलिस की ओर से कथित तौर पर ड्रोन के जरिए आंसू गैर बसाए गए, वह परेशान करने वाली बात है और किसानों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता की कलई खोलती है। जहां तक किसानों की मांग का सवाल है तो वह कितनी व्यवहारिक हैं इस पर बहस की गुंजाइश है। किसानों की तरफ से जिसे मुख्य मांग के रूप में पेश किया जा रहा है, वह है एमएसपी यानी न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी। इसके बरक्स समझना जरूरी है कि ऐसी कोई भी गारंटी वास्तव में महज एक कागजी वादा होगी। अनुभव बताता है कि यह वादा अमल में नहीं आता। मसलन भारत सरकार 22 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करती है, लेकिन इन सबका फायदा किसानों को नहीं मिल पाता। उन्हें फसल के लिए डिमांड और सप्लाई के आधार पर बाजार में निर्धारित मूल्य ही मिल पाते हैं। एमएसपी का असर मुख्यत~ दो ही फसलों पर दिखता है और वे हैं धान-गेहूं। जो बात इसे कारगर बनाती है, वह है सरकारी खरीद। इसके बगैर न्यूनतम समर्थन मूल्य बेमानी हो जाता है। इसकी पुष्टि धान और गेहूं के मुकाबले बाजरे की खेती पर नजर डालने से हो जाती है। 2014-15 से 2023-24 के बीच धान पर एमएसपी सालाना औसतन 5.4 फीसदी और गेहूं पर 5.1 फीसदी की दर से बढ़ी, जबकि बाजरे पर 8 फीसदी की दर से बढी। ज्यादा एमएसपी के बाद भी बाजरे का रकबा 2011-12 से 2021-22 के बीच 24 फीसदी सिकुड़ गया, जबकि धान और गेहूं की खेती के इलाके में थोड़ी बढ़ोतरी हुई। साफ है कि किसान इस तथ्य को समझते हैं कि सिर्फ एमएसपी घोषित करने से फायदा नहीं हो जाता। असल बात यह है कि उन्हें बाजार में सही मूल्य मिले। मगर सवाल यह भी है कि पिछले आंदोलन के दौरान किसानों के खिलाफ दर्ज किए गए मामले सहमति के बावजूद अभी तक वापस क्यों नहीं लिए गए। कई मामलों में उस दौरान जब्त किए गए ट्रैक्टर अभी तक नहीं छोड़े गए हैं। किसानों की ये शिकायतें बिल्कुल वाजिब हैं। उनकी मांगों की सूची में ऐसी और भी चीजें देखी जा सकती हैं, जो तर्कसंगत होंगी। लिहाजा सही कदम तत्काल उठाए जाने जरूरी हैं। वैसे तो जिस तैयारियों के साथ किसानों के अलग-अलग जत्थे दिल्ली के आसपास एकत्र हैं,उससे लगता है कि वे इस बार भी लंबे आंदोलन का मन बना चुके हैं। अगर ऐसा हुआ तो उसका मतलब होगा राष्ट्रीय राजधानी के इर्दगिर्द लंबे समय की नाकेबंदी रहेगी। जिससे न केवल दिल्ली-एसीआर के लोगों का कामकाज बाधित होता है बल्कि बाहर भी सब कुछ ठीक नहीं होने का अनचाहा संदेश जाता है।*

## आज का इतिहास

- 1745-मराठा सामाज्य के चौथे थोरले माधवराव पेशवा का जन्म।
- 1822-भारत विद्या से संबंधित विषयों के प्रख्यात विद्वान राजेन्द्रलाल मित्रा का जन्म।
- 1914-लॉस एंजिलिस और सैन फ्रांसिस्को के बीच पहले विमान ने उड़ान भरी।
- 1918-लुथियाना ने खुद को स्वतंत्र घोषित किया।
- 1931-भारतीय हिंदी लेखक, आलोचक, कवि तथा गद्यकार विश्वनाथ त्रिपाठी का जन्म।
- 1944-भारत के प्रसिद्ध फ़िल्म निर्माता-निर्देशक एवं पटकथा लेखक दादा साहब फाल्के का निधन।
- 1959-राष्ट्रपति फिदेल कास्त्रो ने फुलगेनसियो बतिस्ता को अपदस्थ करने के बाद क्यूबा की सत्ता संभाली।
- 1969-मिर्जा गालिब की 100वीं पुण्यतिथि पर डाक टिकट जारी किया गया।
- 1978-भारतीय क्रिकेटर वसीम जाफर का जन्म।
- 1982-कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) में पहली बार जवाहरलाल नेहरू इंटरनेशनल गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।
- 1986-मेरिओ सोरेस पुर्तग़ाल के प्रथम असैनिक राष्ट्रपति निर्वाचित।
- 1987-पनडुब्बी से पनडुब्बी पर मार करने की क्षमता वाले मिसाइल को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया।
- 1990-सैम नुजोमा नामीबिया के पहले राष्ट्रपति निर्वाचित।
- 1994-इंडोनेशिया के सुमात्रा में 6.5 तीव्रता के भूकंप के भीषण झटकों से 200 लोगों की मौत।
- 2001-अमेरिकी व ब्रिटिश विमानों का इराक पर हमला।
- 2003-विश्व की पहली क्लोन भेंड़ डोली को दया मृत्यु दी गई।
- 2004-इस्लामाबाद में भारत और पाकिस्तान के अधिकारियों के बीच वार्ता प्रारम्भ।
- 2008-मध्य प्रदेश शासन द्वारा पार्श्व गायक नितिन मुकेश को लता मंगेशकर पुरस्कार प्रदान किया गया।
- 2013-पाकिस्तान के हजारा कस्बे स्थित एक बाज़ार में हुए बम विस्फोट में 84 लोग मारे गए और 190 घायल हुए।
- 2022-प्रसिद्ध भारतीय गायक और संगीतकार बप्पी लाहिड़ी का निधन।

## निशाना

### साख की लड़ाई!



- कृष्णेन्द्र राय

**भर रहे सब पर्चे ।
साख की लड़ाई ।।
उम्मीदवार बन गए ।
करनी है चढ़ाई ।।
बन रही रणनीति ।
लेना उनको घेर ।।
भले अंधेरा आज है ।
होगी जल्द सबेर ।।
करना है प्रहार ।
काटनी मलाई ।।
सोच रहे हैं थोड़ा सा ।
कर दें भी भलाई ।।
है गद्दी की माया ।
चल रहा सब खेल ।।
उभरेंगे ज़रुर ।
भले आज नकेल ।।
है भविष्य के गर्भ ।
कब आएगी बारी ।।
हो हल्ला बना रहे ।
इसलिए तैयारी ।।**

# मोदी सरकार की अर्थव्यवस्था बेहतर या मनमोहन सरकार की थी?

**अरविंद मोहन**

चुनाव पास हों और मुद्दों की, खासकर जल्दी चुनावी लाभ देने वाले आइडेंटिटी (पहचान) के मुद्दों की कारपेट बॉम्बिंग जारी हो तो किसे याद रहेगा कि इस बीच एक अंतरिम बजट भी आया और सरकार ने अपने कार्यकाल की जगह दस साल पहले के यूपीए राज के दस सालों के आर्थिक कामकाज को लेकर श्वेतपत्र जारी किया तो हड़बड़ी में कांग्रेस ने भी इस सरकार के दस साल के आर्थिक कामकाज पर ब्लैकपेपर (ऐसी कोई चीज पहले नहीं सुनी गई थी) जारी कर दिया।

अब अगर दस साल बाद श्वेतपत्र जारी करना अटपटा था तो मौजूदा शासन के कामकाज पर दूसरा श्वेतपत्र देने की जगह ब्लैकपेपर जारी करने का या उसे ऐसा अटपटा नाम देने की क्या जरूरत थी यह तो कांग्रेस के नेता ही बताएंगे। लेकिन इतना कहने में कोई हर्ज नहीं है कि आसपास तारीखों की ही इन तीन महत्वपूर्ण आर्थिक आयोजनों का कोई शोर सुनाई नहीं दिया, और न ही उसके बाद की चर्चा में मोदी जी या राहुल गांधी इन आँकड़ों की चर्चा करते हैं। जाहिर तौर पर जब बीस साल के आर्थिक आँकड़ों तथा मूल्यांकन और आगे की दिशा के संकेत देने वाला बजट आए तो उसमें मुद्दों की क्या कमी हो सकती है। ये बीस साल अर्थव्यवस्था के लिए बड़े महत्व के रहे हैं खासकर 2008 के वैश्विक मंदी के दौर में भी 8.5 फीसदी का विकास दर हासिल करना और करोड़ों लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर करना महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हैं। लेकिन साफ़ लगता है कि यह सारा कुछ चुनावी कर्मकांड भर बना दिया गया और जब राम और जाति की राजनीति मुकाबिल हो तब इतने बेतरतीब ढंग से चली वास्तविक मुद्दों की लड़ाई की परवाह कौन करेगा। कांग्रेस और विपक्ष मोदी सरकार पर वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने का आरोप लगाता रहा है पर उसने तो भाजपा और मोदी सरकार से भी भद्दे ढंग से इस मुद्दे को रखा। इस बार का अंतरिम बजट भी बिना किसी बड़ी आर्थिक पहल के था और किसी भी वर्ग को खास लाभ देने वाला नहीं था। कर के छोटे नोटिस वापस लेने और कुछ तरह की व्यावहारिक परेशानियों को निपटाने के बीच जो मुख्य स्वर उभरता है वह मोदी सरकार का तीसरा टर्म पाने का आत्मविश्वास। अब बिना चुनाव इतना आत्मविश्वास ठीक है या नहीं, इस पर बहस हो सकती है लेकिन बजट में यही चीज थी, शुरू में सरकार के कामकाज की रिपोर्ट थी और बाद के हिस्से में बार बार-बार तीसरे टर्म में क्या नई पहल होगी उसका इशारा था। खैर।

ज्यादा गंभीर मामला श्वेतपत्र का है क्योंकि यह आर्थिक के साथ राजनैतिक/चुनावी लड़ाई का भी हिस्सा है। और अगर एक विषय पर श्वेतपत्र लाने या किसी घटना के तत्काल बाद श्वेत पत्र लाने के चलन को भुलाकर दस साल पहले की सरकार के कामकाज को विषय बनाने जैसे अटपटेपन को छोड़ भी दिया जाए तो इसके कई नतीजे और स्थापनाओं से साफ असहमति बनती है। आर्थिक कामकाज के लिहाज से यूपीए-1 का कामकाज शानदार था जबकि यूपीए-2 पॉलिसी पैरालिसिस और भ्रष्टाचार के साथ महंगाई की ऊंची दर से जूझता रहा था जो अंतत~ उसका राज खत्म करने का कारण भी बने। स्वयं नरेंद्र मोदी और काफी हद तक अन्ना हजारे और अरविन्द केजरीवाल जैसे लोगों ने इन विपफलताओं को अपनी राजनैतिक सफलता का आधार बनाया। 2008 में सब-प्राइम फरेब से पैदा संकट से बढ़ाकर दुनिया को जकड़ने वाली मंदी हो या इसके बाद पैदा खाद्य संकट (जिसमें गेहूं की कीमत तीन गुना तक बढ़ गई थी) या फिर पेट्रोलियम की कीमतें, अटल राज के 25-30 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 110 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचना, मनमोहन सरकार ने बड़े ठंढे दिमाग से इन सबका सामना किया और महंगाई को छोड़ दें तो ज्यादा प्रभाव आम लोगों पर नहीं आने दिया। और 2008 में तो रिकॉर्ड साढ़े आठ फीसदी का विकास दर भी हासिल हुआ।

इससे उलट मौजूदा सरकार में भ्रष्टाचार का सवाल कहीं भी पुराने स्तर का नहीं दिखा, आर्थिक स्थितियाँ अनुकूल दिखीं लेकिन नोटबंदी और करोना में घब?ाकर तालाबंदी करने से अर्थव्यवस्था को आंतरिक वजहों से नुकसान हुआ। नोटबंदी ने न सिर्फ अर्थव्यवस्था की दमदार मोमेंटम को तोड़ा बल्कि जीडीपी को दो फीसदी का नुकसान पहुंचाया। तालाबंदी ने भी इतना नहीं, लेकिन नुकसान पहुंचाया। और हर चीज को मैनेज करने में उस्ताद मोदी जी पर आंकड़ों को भी मैनेज करने (उन्होंने कई बार अप्रिय आंकड़ों का प्रकाशन रोका है और जनगणना तो रुकी ही पड़ी है) करने का आरोप लगता है। अब ऐसा तब हुआ उसकी जांच के लिए नया श्वेतपत्र लाना होगा, पर यह कहने में हर्ज नहीं है कि मोदी राज में आंकड़ों की विश्वसनीयता घटी है जबकि ब्रिटिश राज के समय से ही भारत के आर्थिक आंकड़ों और उन्हें जुटाने वाली व्यवस्था को बहुत भरोसेमंद माना जाता था। तेल की कीमतें गिरने का लाभ आम लोगों को न देकर सरकार ने दस साल में तीस लाख करोड़ रुपए से ज्यादा धन अपने खजाने में इकट्ठा किया है और उलटे रूस का सस्ता तेल खरीदकर निर्यात करके कमाई भी कर ली है। कांग्रेस के कथित 'ब्लैकपेपर' में इन बातों को ढंग से नहीं उठाया गया है।मोदी राज का श्वेतपत्र यूपीए सरकारों की आलोचना के साथ अपनी सरकार की उपलब्धियों के दावे से भरा है जिसमें स्वच्छ भारत योजना के तहत शौचालय बनवाना, गरीबों के बैंक खाते खुलवाना, करोना काल में गरीबों को मुफ्त राशन देने, डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर व्यवस्था के दायरे को बहुत बढ़ाने, मोबाइल कोनों की संख्या बढ़ाने, कालेधन पर प्रहार करने और दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना शुरू करना शामिल है। कांग्रेसी ब्लैकपेपर में इन दावों का खंडन करने की जगह मोदीजी के चुनावी वायदों की विफलता पर ज्यादा जोर देता है जबकि यह भी सच है कि मोदी सरकार की इन लगभग सभी योजनाओं को कांग्रेसी सरकार ने ही शुरू किया था। अब उनको नया नाम और नई प्राथमिकता देकर उनसे लाभ लिया जा रहा है। जहां तक राजकोषीय अनुशासन का सवाल है तो दोनों दस्तावेज एक दूसरे को दोषी बताते हैं जबकि असलियत यही है कि आज भी घाटा बहुत ऊंचा है और लगातार मुद्रास्फीति दर के ऊंची होने की वजह है। और इन बीस वर्षों में कभी एक बार अगर रिजर्व बैंक द्वारा तय सीमाओं का पालन किया जा सका तो वह सिर्फ और सिर्फ मनमोहन राज और प्रणव मुखर्जी के वित्त मंत्री रहते हुए ही।

**साभार: लेखक के अपने विचार हैं..**



# आसान नहीं शहबाज की राह, सेना की 'पटकथा' पर चलकर कैसे आएगा लोकतंत्र

**केएस तोमर**

अमेरिकी लेखक मार्क ट्वेन के प्रसिद्ध उद्धरण के संशोधित संस्करण के मुताबिक, इतिहास खुद को दोहराता है, लेकिन तुकबंदी के इस जमाने में पाकिस्तानी चुनावों के नतीजों के लिए यह रूढ़िवादी तरीके से सच होता है, जो शहबाज शरीफ को पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनाने के लिए साफ किए गए रास्ते से स्पष्ट है। सेना ने 'चयन' की प्रक्रिया के माध्यम से चाक-चौबंद रणनीति को अंजाम दिया है। पाकिस्तान में आम चुनाव, 2024 के नतीजे नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल (एन) की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सर्वशक्तिशाली सेना द्वारा लिखी गई पटकथा है, जो 2018 के चुनाव में इमरान खान को प्रधानमंत्री के पद पर बैठाने के लिए की गई कवायद जैसी ही है। सेना की सर्वोच्चता और लोगों की मानसिकता के कारण उस मुल्क में कोई भी शहबाज के चयन पर सवाल नहीं उठाएगा, जहां परोक्ष रूप से दशकों तक और सीधे तौर पर 33 वर्षों तक सेना द्वारा शासन का इतिहास रहा है।

यह भी एक भ्रम ही था कि शेष अवधि में मुल्क में लोकतंत्र बहाल हो गया था, क्योंकि घरेलू और विदेशी मामलों में पूरी तरह से सेना का वर्चस्व था। चयनित प्रधानमंत्रियों ने हमेशा सेना के इशारे पर कठपुतलियों की तरह काम किया। अब स्थिति स्पष्ट हो गई है और पाकिस्तान के चुनावी नतीजे संकटग्रस्त मुल्क के लोगों के अलावा पूरी दुनिया की अपेक्षाओं और अनुमानों के अनुरूप हैं। तीन बार प्रधानमंत्री रहे नवाज शरीफ ने अनिश्चित और अस्थिर राजनीतिक परिदृश्य के बीच आश्चर्यजनक ढंग से अपने छोटे भाई शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री, जो उन्हें छद्म रूप से शासन चलाने में सक्षम बनाएगा और अपनी बेटी मरियम नवाज को पंजाब की मुख्यमंत्री पद के लिए नामित किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि नवाज शरीफ ने एक तीर से दो शिकार करने की कोशिश की है, जिससे पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के सरकार में शामिल होने की संभावना बनी रहेगी, क्योंकि पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो ने पीएमएल (एन) सरकार को बाहर से समर्थन देने की घोषणा की है।



बिलावल अपने पिता आसिफ अली जरदारी को राष्ट्पति बनवाने के लिए सौदेबाजी कर सकते हैं, जिससे समीकरण बदल सकते हैं। दूसरा, इससे उनकी बेटी और पीएमएल (एन) की सूचना सचिव मरियम नवाज के लिए सबसे महत्वपूर्ण प्रांत पंजाब का मुख्यमंत्री बनने की राह प्रशस्त होगी। गठबंधन सरकार में पीएमएल (एन), पीपीपी, एमक्यूएम, पीएमएल-क्यू, बीएपी इत्यादि दल शामिल होंगे, जिससे 265 सदस्यों वाले सदन में गठबंधन का संख्याबल 152 हो जाएगा, जो 133 के बहुमत के आंकड़े से ज्यादा है। मनोनीत सदस्यों को जोड़ने के बाद गठबंधन का संख्याबल 169 हो जाएगा।

लेकिन शहबाज शरीफ के लिए सरकार चलाना एक बड़ी चुनौती होगी। सबसे पहले उन्हें मुल्क के बदहाल आर्थिक संकट से निपटना होगा, जो भविष्य में कभी भी ध्वस्त हो सकता है और उसका हश्र श्रीलंका जैसा होने की आशंका है। कई वर्षों से राजनीतिक उथल-पुथल से गुजरते पाकिस्तान के लोगों को स्थिर सरकार की उम्मीद है, जो सेना के समर्थन के चलते कुछ हद को वास्तविकता बन सकती है, जिन्होंने मुल्क का नेतृत्व करने के लिए नवाज शरीफ के माध्यम से शहबाज को चुना है।

तीसरा, अफगानिस्तान से होने वाली आतंकी कार्रवाइयों पर नियंत्रण पाना शहबाज सरकार के लिए मुश्किल होगा, जो प्रतिबंधित तहरीक-ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को समर्थन देता है। अब लोग नई सरकार से उम्मीद करेंगे कि वह बढ़ते आतंकी हमलों पर लगाम लगाएगी, जिसके चलते 2023 में कथित तौर पर 1,500 से अधिक लोग मारे गए हैं।

चूंकि पर्दे के पीछे से नवाज शरीफ ही सरकार चलाएंगे, इसलिए उम्मीद की जा सकती है कि वह भारत सहित अन्य पड़ोसियों के साथ संबंधों को बेहतर बनाने के लिए ठोस प्रयास कर सकते हैं, जिसका उल्लेख उन्होंने अपने विजय भाषण में किया था। प्रधानमंत्री मोदी के नवाज शरीफ के साथ अच्छे संबंध रहे हैं, जिन्होंने वर्ष 2015 में अचानक लाहौर का दौरा करके उन्हें जन्मदिन की बधाई दी थी। उससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी पाकिस्तान का दौरा किया था, जिन्हें इस्लामाबाद के साथ संबंधों में नरमी लाने का श्रेय दिया जाता है। कूटनीतिक सिद्धांतों के अनुसार, भले ही दोनों देशों के बीच शत्रुता की भावना प्रबल हो, पर बातचीत जारी रहनी चाहिए। अगर पाकिस्तान ईमानदारी दिखाए और कश्मीर की जिद छोड़ दे, तो भारत फिर से बातचीत शुरू कर सकता है।

हालांकि मोदी की पाकिस्तान यात्रा से वहां की सेना खुश नहीं थी। लेकिन अब स्थिति अलग है। अब सेना और नवाज एक साथ हैं। लेकिन सेना की खुफिया एजेंसी आईएसआई को कश्मीर में हिंसा में शामिल आतंकवादियों का समर्थन करने की अपनी नीति छोड़नी होगी। नवाज से उम्मीद रहेगी कि वह कश्मीर को छोड़कर आर्थिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करें, जो उनके भाई शहबाज के लिए मार्गदर्शक सिद्धांतों के रूप में कार्य कर सकता है। इसके अलावा, नए प्रधानमंत्री को पाकिस्तान की शरणार्थी नीति की धज्जियां उड़ाने वाले तालिबान से भी रिश्ते सुधारने होंगे। पाकिस्तान ने जबरन 3,75,000 अफगानियों को निष्कासित कर दिया है और उनमें से 20,000 को निर्वासित कर दिया है, जिससे तालिबान शासन नाराज हो गया और उसने पाकिस्तान पर हमला कर दिया। फिलहाल दोनों देशों के रिश्ते बहुत खराब हैं। इसमें शायद ही किसी को संदेह होगा कि पाकिस्तान में इस बार चुनाव निष्पक्ष नहीं था, क्योंकि एक मजबूत दावेदार और लोकप्रिय नेता इमरान खान को सुनियोजित साजिश के तहत चुनावी प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया था। इमरान के वफादारों का कहना है कि नवाज शरीफ को सफलता दिलाने में सेना ने प्रमुख भूमिका निभाई, जिन्होंने छद्म ढंग से शासन चलाने के लिए अपने भाई का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए आगे बढ़ाया। इमरान खान को चुनाव लड़ने के अयोग्य ठहरा कर जेल में डाल दिया गया, जिससे उनकी पार्टी पीटीआई दिशाहीन हो गई। चुनाव आयोग ने उनकी पार्टी का चुनाव चिह्न बल्ला भी छीन लिया। विश्लेषकों का मानना है कि सही मायनों में तो नहीं, लेकिन पाकिस्तान में कहने को लोकतंत्र बचा हुआ है, जो भारत के लिए एक अच्छा संकेत है, क्योंकि पड़ोस में शांति हमेशा सकारात्मक माहौल बनाती है।

**साभार: लेखक के अपने विचार हैं..**

### पुलिस प्रशासन ने यातायात व्यवस्था में सहयोग बनाए रखने की अपील की

# नर्मदा जयंती पर परिवर्तित रहेगी यातायात व्यवस्था



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नर्मदा जयंती के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा एवं व्हीआइपी भ्रमण की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है जो निम्नानुसार है।

एकता चौक ,इंद्रा चौक ,हलवाई चौक ,सेंट्रल बैंक तिराहा ,से नर्मदा घाट की ओर जाने वाले मार्गों पर समस्त प्रकार के वाहनो का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा

सेठानी घाट की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं के दो पहिया वाहनो की पार्किंग सेठ गुरु प्रसाद स्कूल मैदान में निर्धारित की गयी है अतः अस्पताल तिराहा से केवल दो पहिया वाहन , विशिष्ट व्यक्तियों के वाहन एवं शासकीय कार्य में लगे अधिकारियों के वाहन जा सकेंगे।

शहर के अंदरूनी मार्गों पर श्रद्धालुओं की सुविधा की दृष्टि से एवं आवागमन के मार्ग पर सुरक्षा की दृष्टि से सड़क के किनारे किसी भी प्रकार के वाहन का खड़ा करना प्रतिबंधित रहेगा , मार्ग हेलीपेड से केन्द्रीय विद्यालय ,एसपीएम के अंदर से सर्किट हाउस, कोठी बाज़ार और कलेक्ट्रेट तक रहेगा एवं भोपाल मार्ग रहेगा। एकता चौक से पर्यटन घाट होकर झंडा चौक तक जाने वाले मार्ग में विशिष्ट अतिथिगण के वाहनो हेतु पिक एंड ड्रॉप की सुविधा उपलब्ध रहेगी अतिथियों को ड्रॉप करने के पश्चात् वाहन सेठ गुरु प्रसाद स्कूल मैदान या स्हत्न मैदान पर वाहन पार्क कर सकेंगे उक्त मार्ग पर किसी भी प्रकार के वाहन की पार्किंग प्रतिबंधित रहेगी । व्यवस्था में लगे समस्त शासकीय वाहन सम्बंधित अधिकारी को कर्तव्य स्थल पर छोड़कर सेठ गुरु प्रसाद स्कूल मैदान या स्हत्न मैदान पर वाहन पार्क करेंगे

**पार्किंग व्यवस्था निम्न रहेगी**

A सेठ गुरु प्रसाद स्कूल मैदान - केवल दो पहिया वाहन ,विशिष्ट अतिथि ,व शासकीय वाहन। B. SNG मैदान - समस्त दो पहिया व चार पहिया वाहन । C. दशहरा मैदान -समस्त दो पहिया व चार पहिया वाहन पुलिस प्रशासन ने निर्धारित व्यवस्था का पालन करने और सहयोग की अपील की है।

## मां नर्मदा जयंती महोत्सव की तैयारीयों मॉकड्रिल

**नर्मदापुरम।** जिले में मां नर्मदा जयंती महोत्सव पूर्व वर्षों की तरह इस वर्ष भी भव्य और पूर्ण भक्तिभाव से आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय नर्मदा जयंती 15 एवं 16 फरवरी को मनाई जाएगी। मुख्य कार्यक्रम 16 फरवरी की संध्या को जिले के पावन सेठानी घाट पर आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। बुधवार 14 फरवरी को कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरण सिंह की उपस्थिति में संपूर्ण तैयारीयों की मॉकड्रिल की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के हेलीपैड से सर्किट हाउस तक आगमन, सर्किट हाउस से जलपरी से मुख्य कार्यक्रम स्थल सेठानी घाट पर आगमन, जलमंच पर पूजन अभिषेक सहित संपूर्ण कार्यक्रम की तय रुप रेखा अनुसार मॉकड्रिल की गई। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने सौपे गए दायित्वों का गंभीरतापूर्वक क्रियान्वयन करें। किसी भी स्तर पर कोई कमी नहीं रहें यह सुनिश्चित किया जाएं। सेक्टर संबंधी सभी व्यवस्थाएं शीघ्र पूर्ण की जाए।कार्यक्रम का सुचारू और सफलतापूर्वक संचालन किया जाएं। एमपीईबी कार्यक्रम के दौरान विद्युत की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराएं। उन्होंने निर्देशित किया कि नर्मदा जयंती के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां नर्मदा के पूजन के लिए आते हैं। इस दौरान जिले में बेहतर पार्किंग और यातायात व्यवस्था की जाए।पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह ने संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न सेक्टर पर तैनात बल और अधिकारी सौंपे गए दायित्वों को तत्परतापूर्वक निभाएं। इस दौरान कलेक्टर सुश्री मीना ने सेठानी घाट पर तिलक भवन स्थित कंट्रोल रुम का प्रभावी ढंग से संचालन करने के निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत एसएस रावत, अपर कलेक्टर श्री देवेंद्र कुमार सिंह, एडिशनल एसपी आशुतोष मिश्रा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्कूली छात्राओं के आत्मरक्षा प्रशिक्षण का हुआ समापन

## 109 छात्राओं को ट्रैकसूट एवं प्रमाण पत्र किए गए वितरण



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा संचालित महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के अंतर्गत जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में इंडियन ग्रामीण सर्विसेज एवं जिला पुरातत्व पर्यटन संस्कृति परिषद के संयुक्त तत्वाधान में पचमढ़ी पर्यटन स्थल के इटारसी ब्लॉक के सेंट जोसेफ कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, इटारसी में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन उपरांत छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं ट्रैकसूट वितरण किये गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पुरातत्व पर्यटन संस्कृति परिषद से पर्यटन प्रबंधक मनोज सिंह ठाकुर, प्राशिक्षक संजय नायर, इंडियन ग्रामीण सर्विसेज के संकुल प्रमुख अर्चना दास की उपस्थिति में 109 आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्राप्त छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं ट्रैक सूट वितरित किये गये। अर्चना दास के द्वारा स्कूल की अध्ययनरत छात्राओं को पर्यटन से संबंधित क्षेत्रों में रोजगार व स्वरोजगार से जुड़ने हेतु जॉब रोल तथा महिला उत्पीड़न उन्मूलन के विषय में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य पुष्पा जोरदे नें बच्चों को नियमित जूडो कराटे अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया द्य

इस परियोजना के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए नई दिशाए नारी विकास कल्याण समिति के माध्यम से 20 महिलाओं को रिसेप्शनिस्ट के प्रशिक्षण का शुभारंभ भी किया किया गया द्य कार्यक्रम का संचालन राजेश चौहान के द्वारा किया गया इंडियन ग्रामीण सर्विसेज के पचमढ़ी संकुल प्रमुख अर्चना दास ने बताया की महिला को पर्यटन स्थल के आसपास क्षेत्र में रोजगार से जुड़ने के साथ-साथ महिला पर्यटक के लिए कैसे एक सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जा सके इसी उद्देश्य के साथ मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड के द्वारा यह परियोजना पूरे 50 पर्यटन स्थल पर चलाई जा रही है। जिसके माध्यम से महिलाएं आजकल पर्यटन स्थल के आसपास क्षेत्र में जिप्सी ड्राइवर गाइड रिसेप्शनिस्ट कुक आदि विभिन्न प्रकार के ट्रेड में जुड़कर रोजगार करने के साथ महिला पर्यटकों के लिए एक सुरक्षित वातावरण पैदा कर पा रहे हैं साथ ही महिलाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बने।

# कलेक्टर दुबे ने पवित्र अस्थियों को राष्ट्रीय संग्रहालय नई दिल्ली के प्रतिनिधि को सौंपा

**रायसेन, दोपहर मेट्रो**

भगवान बुद्ध के शिष्य अर्हन्त सारिपुत्र और अर्हत महामोगल्यान के पवित्र अवशेषों (अस्थियों) को थाईलैंड में एक महीने दर्शनार्थ रखा जाएगा मप्र शासन के संस्कृति विभाग और भारत सरकार के निर्देशानुसार रायसेन ¬ बुधवार, फरवरी 14, 2024, 17¬46 द्धस्र्

भारत सरकार द्वारा सांची में बौद्ध स्तूप परिसर में स्थित मंदिर में रखे भगवान बुद्ध के शिष्यों अर्हन्त सारिपुत्र और अर्हत महामोगल्यान के पवित्र अवशेषों को दर्शनार्थ हेतु बैंकाक, थाईलैंड और कंबोडिया विहार ले जाने की अनुमति दी गई है। जिसके उपरांत आज भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय और मप्र शासन के संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार सांची में बौद्ध स्तूप परिसर में स्थित चैतियगिरी विहार मंदिर में रखे भगवान बुद्ध के शिष्यों अर्हन्त सारिपुत्र और अर्हत महामोगल्यान के पवित्र अवशेषों को आज महाबोधी सोसायटी श्रीलंका के प्रमुख श्री वानगल उपतिस्स नायक थेरो की उपस्थिति में कलेक्टर श्री अरविंद दुबे ने भारत सरकार द्वारा अधिकृत तथा राष्ट्रीय संग्रहालय के प्रतिनिधि श्री डीजे प्रदीप को सुरक्षित तरीके से सौंपा गया। भोपाल से पवित्र अवशेषों को हवाई जहाज के माध्यम से दिल्ली और फिर वहां से बैंकाक, थाईलैंड



और कंबोडिया विहार दर्शनार्थ हेतु ले जाया जाएगा। यह पवित्र अवशेष वहां 22 फरवरी से 18 मार्च तक दर्शनार्थ हेतु रहेंगे और इसके उपरांत पुनः वापस सांची में यथास्थान सुरक्षित रखे जाएंगे।

शासन के निर्देशानुसार महाबोधी सोसायटी श्रीलंका के अध्यक्ष श्री वानगल उपतित्स्स की उपस्थिति में कलेक्टर श्री अरविंद दुबे द्वारा द्वारा शिष्य अर्हन्त सारिपुत्र और अर्हत महामोगल्यान के पवित्र अवशेषों को राष्ट्रीय संग्रहालय के प्रतिनिधि श्री डीजे प्रदीप को सुरक्षित तरीके से पूर्ण प्रक्रिया का अभिलेखीकरण, वीडियोग्राफी तथा पंचनामा तैयार कर सौंपा गया। इस अवसर पर आईबीसी के डायरेक्टर श्री विजयेंद्र थापा, पुलिस अधीक्षक श्री विकास शहवाल भी साथ रहे।

## भारत माता के वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**नर्मदापुरम।** पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए सामाजिक समरसता राष्ट्रीय मंच के सदस्य ग्वालटोली स्थित गार्डन में उपस्थित हुए। इस अवसर पर भारत माता के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि देने वालों में के एस राजपूत अरुण दीक्षित असलम खान अशोक दुबोलिया लखनलाल रघुवंशी केके शर्मा ओम प्रकाश मालवीय ललित मोहन यादव व अन्य सामाजिक व राष्ट्रभक्त कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित हुए।



## प्रमुख सचिव ने मंडी का किया निरीक्षण, ग्रेडिंग, कलर शार्टिंग प्लांट का अवलोकन कर समझी ग्रेडिंग की प्रक्रिया

**सीहोर।** सहकारिता विभाग की प्रमख सचिव श्रीमती दीपाली रस्तोगी , मध्यप्रदेश राज्य विपणन संघ प्रबंध संचालक श्री आलोक सिंह तथा कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह ने सीहोर कृषि उपज मंडी में पालीवाल ट्रेडर्स के शार्टिंग, ग्रेडिंग, कलर शार्टिंग प्लांट का अवलोकन किया। इस प्लांट द्वारा किस प्रकार अनाज को आकार एवं रंग के अनुसार ग्रेडिंग एवं शार्टिंग की प्रक्रिया को बारीकी से समझा। किसानों को अपनी उपज का उचित दाम व अनाज की बिक्री में सहायक बनने के लिए प्रोसेसिंग प्लांट सीहोर कृषि उपज मंडी में स्थापित किया गया है।

## दुष्कर्म के आरोपी का मकान किया ध्वस्त



**नर्मदापुरम।**एसडीएम पिपरिया संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि बनखेड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत दिनांक 13/02/2024 को नाबालिक किशोरी के साथ हुए दुष्कृत्य के संबंध में आरोपी मदननाथ उर्फ़ बड्डूनाथ सपेरा निवासी बाचावानी के खिलाफ पुलिस विभाग थाना बनखेड़ी में एफ.आई.आर. दर्ज की जाकर धारा 376 एवं पास्को एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई है, एवं उक्त आरोपी को गिरफ्तार किया गया है दिनांक 14/02/2024 को न्यायालय नायब तहसीलदार बनखेड़ी के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0001/अ-68/2023-24 के पालन में आरोपी द्वारा अवैध रूप से निर्मित शासकीय भूमि पर बने हुए मकान को राजस्व एवं पुलिस बल तथा आम ग्रामवासियों की उपस्थिति में जे.सी.बी. के द्वारा तोड़ा गया हैं।

## अवैध शराब बंद करने को लेकर महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

ग्राम पंचायत पीपलठोन के अंतर्गत आने वाले ग्राम खाखरापूरा की लगभग एक दर्जन स्वसहायता समूह की महिलाओं ने गांव में अवैध रूप से बेची जा रही अंग्रेजी शराब को बंद करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी एवं थाना प्रभारी को एक ज्ञापन देकर अवैध रूप से बेची जा रही शराब को बंद करने की मांग की। महिलाओं का कहना है कि खाखरा पूरा में नहर के पास चंद्रशेखर की किराने दुकान गुलाब काजले रामदास काजले प्रकाश युइके नर्मदा बाबा के यहां पर खुले में शराब बेची जा रही है किराने की दुकानों पर अवैध तरीके से शराब बेची जा रही है जिसके कारण हमारे पति रोज दारू पी के आते हैं और घर में हम महिलाओं के साथ मारपीट करके लड़ाई झगड़ा करते हैं। अगर शीघ्र ही हमारे गांव में अवैध रूप से बेची जा रही शराब बंद नहीं होती है तो हम मुख्यमंत्री को भी इस बात की शिकायत करेंगे।

**मेट्रो एंकर**

### अवैध पटाखा विक्रेताओं के खिलाफ बड़ी कार्यवाही जारी

# 6 पटाखा विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस 3 के लाइसेंस निरस्त करने लिखा पत्र

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले में कलेक्टर के निर्देशानुसार मानक मापदंडों के अनुरूप पटाखा गोदामों/दुकानों का संचालन न करने वाले पटाखा विक्रेताओं के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में संचालित कुल 09 पटाखा अनुज्ञप्तिधारी/ पटाखा विकेताओं के विरूद्ध विस्फोटक अधिनियम-1884 एवं विस्फोटक पदार्थ अधिनियम-1908 तथा विस्फोटक नियम 2008 के प्रावधानों के अंतर्गत संबंधित एसडीएम, एसडीओपी और अन्य संबंधित अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा मौका स्थल जांच की गई। जिसमें पटाखा विकय लायसेंस की शर्तों का उल्लंघन, अनियमित्ता जांच प्रतिवेदन में पाये जाने पर संबंधितों के विरूद्ध कारण बताओं सूचना-पत्र जारी क 06 अनुज्ञप्तिधारियों को न्यायालय कलेक्टर, नर्मदापुरम के समक्ष में सुनवाई के लिए पेशी नियत की गई है।

इटारसी अनुभाग अंतर्गत 01 अवैध पटाखा व्यापारी जो कि गिरनार होटल के सामने जैन जनरल एवं पटाखा स्टोर के नाम से अवैध कारोबार में संलिप्त था, उक्त स्टोर



के संचालक प्रकाश जैन आत्मज कमल जैन निवासी गांधी नगर, इटारसी पटाखा संग्रहण /विक्रय के अधिकृत लाईसेंस के बिना अवैध रूप से बारूद, विस्फोट युक्त पटाखों का विक्रय किया जाना जांच में पाये जाने पर अनुविभागीय दण्डाधिकारी, इटारसी टी प्रतीक राव द्वारा पटाखा स्टोर सील कर संबंधित के विरूद्ध पुलिस प्राथमिकी, पुलिस थाना इटारसी में धारा 154 दण्ड प्रकिया संहिता के प्रावधानों के तहत दर्ज कराई गई है।विस्फोटक नियम 2008 के नियम के प्रावधानों के तहत उल्लेखित अनुज्ञप्तिधारियों के लायसेंस निलंबन एवं प्रतिसंहरण किये जाने के पूर्व अनुज्ञप्तिधारी को सुने जाने का एक अवसर प्रदान किये जाने आज्ञापक होने से नियमों के पालन में न्यायालय कलेक्टर, नर्मदापुरम द्वारा 06 पटाखा लायसेंसधारियों मनमोहन अग्रवाल सोहागपुर, मदन पटवा, पिपरिया, प्रमोद तमोली सिवनी मालवा, शेख गुलबहार, शेख जुम्मन, शेख अरमान सभी निवासीगण इटारसी को सुनवाई हेतु सूचनापत्र जारी कर आहुत किया है।

तत्कालीन डिप्टी कलेक्टर एवं वर्तमान एसडीएम नर्मदापुरम नीता कोरी ने बताया कि इसके अतिरिक्त जिला अंतर्गत तीन अनुज्ञप्तिधारी कमशः महेश आहुजा सोहागपुर, सिद्धार्थ पटेल एवं अनिल बाजपेयी इटारसी को मुख्य विस्फोटक नियंत्रक आगरा / उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक भोपाल द्वारा प्रदत्त अनुज्ञप्ति को विस्फोटक नियम 2008 के प्रावधानों के अंतर्गत जनहित व जनसुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये तीनों अनुज्ञप्तिधारियों के लायसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त करनें पत्र जारी किया गया है।6 पटाखा विक्रेताओं को कारण बताओं नोटिस जारी।

## मिसब्रांडेड खाद्य पदार्थ का निर्माण करने वाली फर्म तथा विक्रेता पर जुर्माना

**रायसेन, दोपहर मेट्रो।**

अमानक और मिसब्रांडेड खाद्य पदार्थ इमामी कच्ची घानी मस्टर्ड ऑयल विक्रय करने पर अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे द्वारा खाद्य कारोबारकर्ता इंद्रदत्ता शुक्ला फर्म शानु किराना स्टोर मंडीदीप जिला रायसेन पर 30 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही फर्म मस्टर्ड ऑयल इमामी कम्पनी पंजीकृत प्रधान कार्यालय इमामी एग्रोटेक लिमिटेड इमामी टावर 687 आनंदपुर ईएम बायपास कोलकाता पिन नम्बर 700107 वेस्ट बंगाल के द्वारा बनाए गए इमामी कच्ची घानी मस्टर्ड ऑयल का विक्रय करने के कारण 70 हजार रू का जुर्माना लगाया गया है। संबंधितों को जुर्माना राशि वित्त विभागीय लेखाशीर्ष 0210-04-0104-0754 चालान के माध्यम से जमा कराते हुए चालान की प्रति न्यायालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती कुदसिया खान द्वारा 28 दिसंबर 2021 को फर्म शानु किराना स्टोर मंडीदीप जिला रायसेन की जांच की गई थी। जिसमें अमानक और मिसब्रांडेड खाद्य पदार्थ इमामी कच्ची घानी मस्टर्ड ऑयल का विक्रय करना पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 के तहत प्रकरण तैयार कर अपर जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे द्वारा खाद्य कारोबारकर्ता इंद्रदत्ता शुक्ला को खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 विनियम 2011 के अंतर्गत अधिनियम की धारा (26(1) 26(2)(पप) सहपठित धरा 52 के तहत मिसब्रांडेड स्तर के खाद्य पदार्थ का विक्रय करने का दोषी पाते हुए 30 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही फर्म मस्टर्ड ऑयल इमामी कम्पनी पंजीकृत प्रधान कार्यालय इमामी एग्रोटेक लिमिटेड इमामी टावर 687 आनंदपुर ईएम बायपास कोलकाता पिन नम्बर 700107 वेस्ट बंगाल के द्वारा बनाए गए इमामी कच्ची घानी मस्टर्ड ऑयल का विक्रय करने के कारण 70 हजार रू का जुर्माना लगाया गया है। निर्धारित अवधि में जुर्माना राशि चालान के माध्यम से जमा कराने के आदेश दिए गए हैं। जुर्माना राशि जमा नहीं करने पर भू-राजस्व बकाया के रूप से राशि वसूल की जाएगी। जुर्माना राशि जमा नहीं होने तक अनुज्ञप्ति निलंबित रहेगी।

# 5 वीं-8 वीं की परीक्षा के लिए, हर जनशिक्षा केंद्र पर एक ही सेंटर बनाने के निर्देश

## छात्र-छात्राओं के पालकों की बढ़ाई मुश्किलें, होगी कम उपस्थिति




सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

कठिनाइयों के बीच छोटे-छोटे बच्चों को परीक्षा केंद्रों परीक्षा देने के लिए कई किलोमीटर का सफर भी तय करना पड़ेगा जिसकी जानकारी लगते ही बच्चों को पालकों में चिंताएं बड़ी हुई है शिक्षकों भी संकुल स्तर पर परीक्षा केंद्र बनाए जाने के कारण परेशानी होगी सभी दर्ज बच्चों को परीक्षा के समय सेंटरों पर पहुंचने के लिए बच्चों और उनके बालकों को मानना पड़ेगा दूरी के कारण कई बच्चे परीक्षा देने से वंचित भी रह सकते हैं जिनके पास खुद के संसाधन नहीं है वहां अपने बच्चों को परीक्षा केंद्र पर कैसे सुबह लेकर पहुंच पाएंगे उसकी चिंता भी इनको सता रही है। इससे पहले हर स्कूल में परीक्षा केंद्र बनता था जहां पर परीक्षा कराने में परेशानी नहीं होती थी इस बार नए आदेश ने सब की नींद उड़ा दी है।

परीक्षा करवाने से लेकर परीक्षा में शामिल होने वाले सभी परेशान दिख रहे हैं धरातल पर अध्ययन किए बगैर नवीन आदेश जारी किया गया है। विकासखंड में कुल 11 संकुल केंद्र हैं यदि हर संकुल पर एक केंद्र बनाया गया तो एक केंद्र पर 40 स्कूल शामिल है जहां पर इन बच्चों को परीक्षा के लिए भेजना पड़ेगा परीक्षा को लेकर जो आदेश शिक्षक बिभाग से जारी हुआ है उसके हिसाब से कक्षा 5 वी ,आठवीं की बोर्ड परीक्षाएं 6 मार्च से प्रारंभ होगी इस बार बोर्ड परीक्षा के लिए प्रत्येक स्कूल में केंद्र बनाया जाएगा इस बार आरएसके के द्वारा नए निर्देश जारी किए गए हैं। हर जन शिक्षा केंद्र पर एक परीक्षा केंद्र बनाना है अति आवश्यकता होने पर दो केंद्र बनाया जा सकते हैं। तीन केंद्र बनाने के लिए भोपाल स्तर से अनुमति लेनी होगी तभी बनेंगे वैसे पोर्टल पर एक केंद्र ही बनाने आदेशी जा रही हुए हैं इसके बाद से इन स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के परिजनों शिक्षकों और परीक्षा आयोजित करने वाले अधिकारी की चिंताएं भी बड़ी हुई है। संकुल स्तर पर 40 स्कूल आते हैं और एक परीक्षा केंद्र पर पोर्टल के अनुसार 9900 ज्यादा बच्चे नहीं बैठ सकते हैं। इसके ज्यादा संख्या होने पर परीक्षा केंद्र बढ़ाने की प्रक्रिया होगी उसको पोर्टल कई बार लेता नहीं है। जनपद शिक्षा केंद्र के द्वारा अभी तक परीक्षा के लिए पोर्टल पर 31 परीक्षा केंद्र निर्धारित करके इनको पोर्टल पर अपडेट किया गया है बच्चों की संख्या को देखते हुए दो केदो की और आवश्यकता हो रही है पर बाढ़ नहीं रहे हैं वही 31 केंद्र बना तो दिए गए हैं ऊपर से उनकी मंजूरी मिलेगी या नहीं यह तो आने वाले दिनों में ही पता चल पाएगा क्योंकि शासन स्तर पर एक संकुल पर एक ही केंद्र बनाने के आदेश हैं इस स्थिति में 31 केंद्र कैसे बनेंगे।

### संकुल केंद्र पर केंद्र बनाने से होगी परेशानी

अधिकांश सरकारी स्कूलों की इतनी क्षमता भी नहीं है कि माध्यमिक और प्राथमिक शाला के बच्चों को उचित व्यवस्था के बीच परीक्षा कर सके तभी तो शहरी क्षेत्र में परीक्षा के लिए दो प्राइवेट स्कूलों को केंद्र बनाए जाने के लिए पोर्टल पर अपलोड किया है। गए इसी तरह ग्रामीण अंचलों में भी इतनी बड़ी संख्या में बच्चों जिनको संकुल स्तर पर बनाए जा रहा है परीक्षा केदो पर बिठाकर परीक्षा केंद्र पूरी व्यवस्था के तहत कार्रवाई जा सके। क्योंकि सरकारी स्कूलों की स्थिति ठीक नहीं है कहीं पर पानी की व्यवस्था नहीं है तो कहीं पर भवन छोटे है तो कहीं पर शौचालय की उचित व्यवस्था नहीं है। इस वजह से परेशानियों के बीच ही बोर्ड परीक्षाएं संपन्न होगी। जिस हिसाब से प्रयोग को किया जा रहा है उसको सोच समझ कर नहीं की जा रहा बगैर सोचे समझे ही निर्णय लागू कर करके सभी को परेशान किया जा रहा है।

### 9600 बच्चे बैठेंगे परीक्षा में

विकासखंड में पांचवीं और आठवीं में कुल बच्चों की संख्या 9600 के करीब है जिसमें कक्षा पांचवी में सम्मिलित होने वाले छात्रों की संख्या 4771 एवं आठवीं की परीक्षा के लिए 4829 बच्चे परीक्षा में बैठेंगे परीक्षा सुबह 9 से प्रारंभ होगी। सबसे ज्यादा परेशानी ऐसे स्कूलों के छात्रों की होगी जिनकी दूरी संकुल केंद्र से अधिक है । इतनी दूरी तय करने मैं इन्हें काफी समय भी लगेगा शहरी क्षेत्र में दो केंद्र बनाए गए हैं। समय से पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचना पड़ेगा नहीं तो अंदर भी एंट्री नहीं मिलेगी सुबह जल्दी परीक्षा केदो पर पहुंचने में छोटे बच्चों बच्चों को पहुंचने में परेशानी होगी सबसे बड़ी बात तो परिजनों को भी जिनको बच्चों को प्रतिदिन परीक्षा केदो पर लाने के लिए मेहनत करनी पड़ेगी दूसरी ओर शिक्षकों को भी इन सभी बच्चों को परीक्षा में सम्मिलित करवाने के लिए अपने-अपने स्तर से इनको संकुल केदो पर बनाए गए परीक्षा केंद्र पर पहुंचने के लिए मशक्कत करनी पड़ेगी। दूसरी और एक बात जरूर है संकुल केंद्र पर बनाएगा परीक्षा सेंटरों पर नकल नहीं होने पर कई स्कूलों के शिक्षकों के द्वारा बच्चों को सही तरीके से अध्ययन नहीं कराया उनकी पोल भी खुल जाएगी जो बच्चे अच्छी मेहनत करके पढ़ाई करेंगे वह सफल भी होंगे।

### इनका कहना है -

*हमने शासन के निर्देश के अनुसार 31 केंद्र परीक्षा के लिए पोर्टल पर बनाकर अपलोड किए हैं। शहरी क्षेत्र में हमें एक केंद्र बनाना है पर उसके लिए हमने पत्र जिले पर भी दिया है अनुमति मिलेगी तो अपलोड कर देंगे।*

**राकेश सोनी,** सीआरसी जनपद शिक्षा केंद्र

*एक संकुल केंद्र पर एक ही परीक्षा केंद्र बनाने के ऊपर से ही आदेश जारी हुआ है ज्यादा आवश्यकता होने पर बच्चों की संख्या के हिसाब से केंद्र बढ़ाया जा सकता है।*

**आर के लखार,** डीपीसी

## एलबीएस कॉलेज में छात्रों को दिलाई गई मतदाता शपथ



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिरोंज में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विद्यार्थियों को जागरूक किया गया एवं मतदान करने हेतु मतदाता शपथ दिलाई गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर लालचंद राजपूत ने बताया कि ईएलसी के अंतर्गत 26 फरवरी 2024 तक मतदाता जागरूकता से संबंधित गतिविधियां महाविद्यालय में संपादित होगी। मतदाता शपथ में ईएलसी के सदस्य एनएसएस, एनसीसी, स्पोर्ट्स के विद्यार्थी एवं समस्त स्टाफ ने सहभागिता की। जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव ने विद्यार्थियों से आगामी लोकसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए आव्हान किया।

## पति ने पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट कराई दर्ज पुलिस ने किया मामला दर्ज

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

गत कुछ दिन पूर्व बेदी लाल केवट पिता मदनलाल केवट निवासी कटरा मोहल्ला नें थाना सिरोंज में अपनी पत्नि की गुमषुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है । बेदीलाल ने पुलिस को बताया कि मेरी पत्नि बालो बाई उम्र 27 साल वर्ष 2008 में उसकी षादी हुई थी जिससे मुझे 3 बच्चे है मै सराफा बाजार में अग्रवाल की दुकान पर काम करता हुॅं । मैं 17/1/2024 को रात में दुकान से 8.30 पर घर आया तों मेरी बडी लडकी नेहा उम्र 13 साल ने बताया कि मम्मी डाक्टर को दिखाने का कहकर करीब 7 बजे गई है घर के आसपास व डाक्टर की क्लीनिक पर पत्नि बालो बाई को देखने गया तों पत्नि नही मिली । मैं घर आया तों मेरी लडकी सध्या ने बताया कि मम्मी अपने साथ एक बेग लेकर गई है और मेरी पत्नि के पास मोबाइल भी है। तलाष करने एवं नही मिलने पर गुम होने की सूचना देता हुॅं। सिरोंज पुलिस ने गुमषुदगी का प्रकरण दर्ज कर जांच करने में जुट गई है ।




## पंचकुईयां मामा भांजा पथ पर हुई आग की घटना में राहत राशि स्वीकृत



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

मामा भांजा पथ पर स्थित रमेश केवट पुत्र केशरी केवट के घर में आग की घटना से कई सामान जलकर राख हो गया था जिसमे घरेलू सामान खाने पीने की सामाग्री आदि जनकर राख हो गई थी । आवेदक ने एसडीएम कार्यालय में राहत राषि की मांग की थी । जिसपर अनुविभागीय अधिकारी तत्परता से कार्यावाही करते हुए मंगलवार को राहत राशि स्वीकृत करदी गई है ।

## तीन दिवसीय वसंत महोत्सव, वेदी सूतन उत्सव के साथ संपन्न

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

तारण संतों की तपोस्थली सेमल खेड़ी में तीन दिवसीय बसंत महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया अंतिम दिन कई जोड़ों के हाथ भी पले हुए वहीं वेदी सूतन महोत्सव के साक्षी बनने के लिए तारण समाज जनों में भारी उत्साह देखने को मिला देशभर के तारण समाज जनों ने तीन दिवसीय बसंत महोत्सव में शामिल होकर सभी धार्मिक और संस्कृत कार्यक्रम में बाढ़ चलकर भाग लिया। अंतिम दिन आयोजित हुए कार्यक्रम में तो भारी उत्साह देखने को मिला बेदी सूतन महोत्सव समाज होने के लिए सबसे ज्यादा उत्साह देखने को मिला इस पल के साक्षी बनने के लिए तारण समाज जनों में भीड लगी रही जैसे ही बेदी सुतन उत्सव होने की घोषणा हुई तो सभी लोग एक दूसरे को गले लगा कर झूमती और हल्दी लगाकर बसंत महोत्सव की शुभकामनाएं दी। इसी अवसर पर कई जोड़ों के विवाह भी संपन्न हुए धर्म सभा को भी तारण मुनियों के द्वारा संबोधित किया गया। प्रतिदिन यहां पर धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रही।

### जल संकट को लेकर बैठक, बुधवार और शनिवार को रहेगी जल सप्लाई बंद

## धुलाई सेंटरों पर रहेगा प्रतिबंध ,पानी हर स्तर से लाने की कोशिश करेंगे : एसडीएम

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।



नपा के मीटिंग हाल में एसडीएम हर्षल चैधरी के निर्देषनुसार जल संकट को लेकर नपा के अध्यक्ष उपाध्यक्ष पार्षद और पार्षद प्रतिनिधी नगर के गणमान नागरिक और पत्रकारगण उपस्थित हुए । बैठक में एसडीएम हर्षल चैधरी नें जल स्तर को लेकर पूरी जानकारी से सभी लोगो को अवगत कराया गया । वर्ष 2023 से लेकर वर्ष 2024 तक केथन डेम में कितना पानी पार्याप्त है और कितना पानी अभी तक उसमे षेष है इसकी जानकारी से सभी लोगो को बताया गया। एसडीएम श्री चैधरी ने नगर के लोगो से आग्रह किया कि पानी की जरूरत के अनुसार ही खर्च करे पानी व्यर्थ खर्च न करे जिससे नगर मे जल संकट ग्रहरा न जाए ।

उन्होने उपस्थित जन प्रतिनिधियों और गणमान नागरिको से सुझाव भी लिए जल संकट को लेकर कैसे बचाव किया जाए । वही पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संतोष चैरे ने कहा कि नगर में सरकारी नलो की टोटियां टूटी पडी कई लायने टूटी पडी है जिसपर एसडीएम ने नपा के इंजीनियर रोहित तोमर को निर्देष दिये कि इन्हे तुरंत सर्वे कराकर टोटियों को बदलवाया जाए लाईनों को दुरूस्त कराया जाए । वही एसडीएम ने सभी लोगो से कहां कि जल संकट को देखते हुए हफ्ते में दो दिन जल सप्लाई को बंद कर दिया जाए लोगो ने इसका समर्थन करते हुए कहा कि हफ्ते में दिन बुधवार और षनिवार को सप्लाई बंद किया जाए जिसपर एसडीएम ने नपा के इंजीनियर को निर्देष दिये कि मुनादी कराकर लोगो को जानकारी दी जाए। वही एसडीएम श्री चैधरी ने कहा कि हम अगर सोचे कि किसी बांध से पानी लाया जाए तों पानी कही से नही आ सकता क्यो कि केथन डेम का जल स्तर काफी गिर गया है इस लिए पानी लाना संभव ही नही है। वही उन्होने कहा कि जल सकंट की स्थिति को देखते हुए हमने नगर के मीठे पानी के कुए को साफ सफाई का कार्य पहले से प्रारंभ कर दिये थे। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि रमेष यादव, नपा अध्यक्ष मनमोहन साहू, उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ, सचिन षर्मा, रूपेश यादव, नगर पालिका स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना, आरआई बालमुकंद कुषवाह, पत्रकार रोहिताष्व षर्मा, सलमान अमीन, सईद खांन, लक्ष्मण सिंह कटियार, अल्ताफ खांन, अब्दुल अलीम, अभिषेक कुषवाह, राजेष पटेल, रिंकु सुमन, उपस्थित रहे ।

**मेट्रो एंकर** रोजगार मुहैया हो इन्ही उद्धेश्यों को लेकर रोजगार मेलो का

## रोजगार मेले में 450 से अधिक उम्मीदवारों का चयन विधायक बोले-इस प्रकार के प्रयास जारी रहें

विदिशा, दोपहर मेट्रो।

जिला स्तरीय रोजगार मेले में आज तीस कंपनियों ने सहभागिता निभाई और उनके द्वारा पंजीकृत उम्मीदवारो में से 450 का चयन विभिन्न पदो के लिए किया गया है। एसएटीआई के परिसर में आयोजित रोजगार मेले को सम्बोधित करते हुए विदिशा विधायक श्री मुकेश टण्डन ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा युवाजनो को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर मुहैया हो इन्ही उद्धेश्यों की प्राप्ति के लिए रोजगार मेलो का आयोजन किया जा रहा है। विधायक टण्डन ने इस प्रकार के रोजगार मेलो की उपयोगिता को रेखांकित करते हुए अधिक से अधिक आयोजन करने पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न कंपनियों में जिले के युवाजनों को रोजगार के जो अवसर मिल रहे है उससे उनके आगे बढने के मार्ग प्रश्स्त होंगे। उन्होंने युवाजनों से आव्हान किया कि वे जिन कंपनियों में ज्वाइन करेंगे वहां अपनी छवि को निखारे ताकि जिले की प्रसिद्धी में वृद्धि हो। उन्होंने सीख देते हुए कहा कि कोई भी कार्य छोटा नही होता हम धीरे-धीरे अपने प्रयासों से शिखर तक पहुंच सकते है।




कलेक्टर ने कहा कि युवाजनों को जिले में ही रोजगार के संसाधनो की उपलब्धता सुनिश्चित हो इसके लिए राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण के संयुक्त समन्वय से आईटीआई के माध्यम से रोजगार मेलो का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने आयोजन में शामिल युवाओं से कहा कि वे शासन की जनकल्याणकारी स्वरोजगारमुखी योजनाओं की ओर भी अग्रसर हो। कलेक्टर श्री भार्गव ने कहा कि ऐसे युवा जो किन्ही कारणों से चयनित होने से वंचित हो जाते है वे हताश ना हो। शासन की अनेक रोजगारमुखी योजनाओं का लाभ लेकर स्वंय रोजगारमुखी बनें। कार्यक्रम को जिला पंचायत सीईओ, सांसद प्रतिनिधि राकेश शर्मा समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा सम्बोधित किया गया।

### स्टॉलो का निरीक्षण

रोजगार मेला परिसर में विभिन्न कंपनियों के द्वारा लगाए गए स्टॉलों का विधायक श्री मुकेश टण्डन, कलेक्टर श्री उमाशंकर भार्गव समेत अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप से स्टॉलो का निरीक्षण किया गया और कंपनियों के द्वारा युवाजनों को मुहैया कराए जाने वाले रोजगार अवसरों की जानकारियां संवाद के दौरान जानी है।

### 3547 ने पंजीयन कराया

मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड भोपाल के संयुक्त समन्वय से शासकीय आईटीआई विदिशा द्वारा आयोजित जिला स्तरीय रोजगार मेले में तीस से अधिक कंपनियो के द्वारा सहभागिता निभाई गई। वहीं 3547 उम्मीदवारो द्वारा ऑन लाइन आफ लाइन पंजीयन कराया गया था रोजगार मेले में शामिल होने वाले युवाजनों को शासन की रोजगारमुखी योजनाओं की भी जानकारियां प्रदाय की गई है।

## स्वसहायता समूहों की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए नेतृत्व संवर्धन प्रशिक्षण

सीहोर, दोपहर मेट्रो।

दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत स्व सहायता समूहो कि महिलाओं का नेतृत्व संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सीईओ श्री आशीष तिवारी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने संबोधित करते हुए स्व सहायता समूहों की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनने पर विशेष जोर दिया। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक ( नाबार्ड) के सहयोग से संस्था वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अन्तर्गत आयोजित किया गया था। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक ओजस्वी दीक्षित , एलडीएम श्री अरूण शर्मा, अनेक विभागों के जिलाधिकारी सहित वसुंधरा फाउडेशन के पदाधिकारी उपस्थित थे।


**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL**
**Engineeing Department**
**Notice Inviting e-Tenders**

**NIT Numer: 123/ESZ1/2024** **Date 08.02.2024**

| S No. | Tender ID | Name of work | Probable Amount of Contract | Earnest Money Depsit | Cost of Bid Document | Period of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_331593_1 | CONST. C.C. ROAD AND DRAIN MARAM JI HOUSE TO DURAGA JI HOUSE BHAURI WARD 03 ZONE 01 | 206205/- | 2062/- | 2000/- | 60 Dayes/ |

1. Interested idders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in .
2. Teh Bid Documents can be purchased onlya online from 10:30 AM(time) 09/02/2024 (date) to17:30 P.M (time) 23/02/2024 (date) .
3. Amendments to NIT, if any, woule be pulished on website https://www.mptenders.gov.in Only and not newspaper.

**T.N.1606/023/024**

**Municipal Corporation, Bhopal. Dictrict Bhopal**

# राजकोट 'टेस्ट' में कसौटी पर मध्यक्रम

टीम इंडिया और इंग्लैंड की टीमें गुरुवार से राजकोट में सीरीज का तीसरा टेस्ट मैच खेलेंगी। फिलहाल सीरीज 1-1 से बराबरी पर है।पहला मैच इंग्लैंड ने जीता,जबकि दूसरे मैच में वापसी करते हुए मेजबान टीम इंडिया ने जीत हासिल की। सही मायने में राजकोट में होने वाले इस मैच में इंग्लैंड से ज्यादा बड़ी चुनौती टीम इंडिया के सामने हैं। दरअसल, अनुभवी विराट कोहली और केएल राहुल की गैरहाजिरी से टीम इंडिया का मध्यक्रम कमजोर हुआ है। पहले टेस्ट में शिकस्त झेलने के बाद दूसरे टेस्ट में टीम इंडिया की वापसी में टॉप आर्डर के युवा जायसवाल और गिल की दमदार पारी व बुमराह के घातक गेंदबाजी स्पेल की भूमिका ही निर्णायक कही जा सकती है। मतलब साफ है कि टीम इंडिया का मध्यक्रम राजकोट मैच में भी कसौटी पर रहने वाला है।वैसे भी रोहित शर्मा को छोड़ दें तो टीम



**आलोक गोस्वामी**
खेल विश्लेषक

इंडिया का पूरा बल्लेबाजी क्रम अनुभवहीन है। मतलब साफ है कि तीसरे टेस्ट में भी भारतीय युवा बल्लेबाजों का मुकाबला इंग्लैंड के युवा स्पिन गेंदबाजों से होगा।वैसे पिछले मैच में जिस तरह से एंडरसन ने बल्लेबाजों को अपने अनुभव से छकाया था,वो भी इस मैच में टीम इंडिया के बल्लेबाजों की परीक्षा लेने से नहीं चूकेंगे।इंग्लैंड टीम ने राजकोट टेस्ट के लिए अपनी अंतिम एकादश की घोषणा कर दी है।पिछले मैच में अपनी गलती से सबक लेते हुए टीम में एक बदलाव किया है,शोएब बशीर की जगह मार्क वुड की वापसी हुई है।इंग्लैंड टीम ने इस मैच में भी बल्लेबाजी क्रम की मजबूती के साथ 4 गेंदबाजों पर ही अपना भरोसा जताया है,लेकिन भारतीय सरजमीं पर जो रुट की फिरकी गेंदबाजी इंग्लैंड के लिए हमेशा फायदेमंद रहती है।अब अगर हम टीम इंडिया की अंतिम एकादश पर नजर डालें तो फिर पाटीदार,सरफराज और पडीकल में से कोई दो बल्लेबाज मध्यक्रम में परखे जायेंगे, जबकि गेंदबाजी में जडेजा की वापसी के बाद अक्षर,कुलदीप और सिराज में से कोई दो गेंदबाजों का चयन होगा।मेरे नजरिये में जडेजा व अक्षर पटेल को एक साथ आजमाना हमेशा ही सवालिया रहा है,क्योंकि दोनों एक ही शैली के खिलाड़ी हैं। वहीं जडेजा,अश्विन और कुलदीप की तिकड़ी में ही फिरकी विविधता नजर आती है।बतौर विकेटकीपर भी के एस भरत की नाकाम बल्लेबाजी की वजह से ध्रुव जुरेल को इस मैच में मौका मिल सकता है। राजकोट की विकेट शुरुआती दिनों में हमेशा से बल्लेबाजों के अनुकूल रही है ऐसे में टॉस जीतने वाली टीम पहले बल्लेबाजी कर मैच की पहली पारी में बढ़त हासिल करना चाहेगी। वैसे भी भारतीय पिचों पर अगर टेस्ट मैच पांचवे दिन व चौथी पारी तक चलता है तो फिर टॉस के मायने निर्णायक ही रहते हैं। दरअसल, इंग्लैंड की टीम ने टेस्ट मैच में जब से बैजबॉल अंदाज में क्रिकेट खेलना शुरू किया है तभी से ज्यादातर मैचों में फैसले होते ही हैं। यही वजह है राजकोट टेस्ट के भी रोचक होने की उम्मीद है।मैच का फैसला क्या रहेगा यह तो वक्त ही बतायेगा,लेकिन एक बात तय है कि राजकोट में होने वाले इस मैच में टीम इंडिया के मध्यक्रम का एक बार फिर 'टेस्ट' होने वाला है।

### भारत-इंग्लैंड का तीसरा टेस्ट मैचः भारतीय टीम की पारी लड़खड़ाई

# इंडिया ने लंच ब्रेक तक तीन विकेट गंवा कर बनाए सौ रन, रोहित का अर्धशतक

**राजकोट, एजेंसी**

राजकोट में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच में टीम इंडिया ने लंच तक 26 ओवरों के बाद 3 विकेट के नुकसान के साथ 100 रन बना लिए। रोहित शर्मा अर्धशतक लगाकर खेल रहे हैं। रवींद्र जडेजा भी क्रीज पर डटे हैं. इंग्लैंड ने अच्छी पकड़ बना ली है. टीम इंडिया फिलहाल बैकफुट पर है। टीम इंडिया की बेहद खराब शुरुआत हुई है. इंग्लैंड को मार्क वुड ने 2 विकेट दिलाए हैं. टॉम हार्टली 1 विकेट ले चुके हैं। टीम इंडिया ने 19 ओवरों के बाद 3 विकेट के नुकसान के साथ 71 रन बनाए थे। रोहित शर्मा 60 गेंदों में 52 रन बनाकर खेल रहे हैं. वे 7 चौके लगा चुके हैं. रवींद्र जडेजा भी खेल रहे हैं. इन दोनों के बीच अच्छी साझेदारी हुई है. इंग्लैंड के गेंदबाज विकेट की तलाश में हैं। टीम इंडिया के लिए रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा बैटिंग कर रहे हैं. बता दें टीम इंडिया ने 14 ओवरों के बाद 50 रन का आंकड़ा छू लिया था। रोहित शर्मा अब तक 4 चौके लगा चुके थे। रवींद्र जडेजा 9 गेंदों में 4 रन बनाकर खेल रहे हैं. भारतीय कप्तान रोहित शर्मा आउट होने से बाल-बाल बच गए. जेम्स एंडरसन के ओवर की तीसरी गेंद पर एलबीडब्ल्यू की अपील की गई. ग्राउंड अंपायर ने आउट का इशारा किया. लेकिन रोहित ने तुरंत डीआरएस ले ले लिया. वे इसमें बाल-बाल बच गए।



### पाटीदार महज 5 रन बनाकर हुए आउट

भारतीय क्रिकेट टीम का तीसरा विकेट गिरा. रजत पाटीदार 15 गेंदों में महज 5 रन बनाकर आउट हुए. टॉम हार्टली ने इंग्लैंड को अहम सफलता दिलाई है. रजत 9वें ओवर की पांचवीं गेंद पर बेन डकेट को कैच थमा बैठे. भारत ने 8.5 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान के साथ 33 रन बनाए हैं. अब रवींद्र जडेजा बैटिंग करने पहुंचे हैं. रोहित और रजत पाटीदार टीम इंडिया के लिए बैटिंग कर रहे हैं. रोहित ने 19 गेंदों में 2 चौकों की मदद से 16 रन बनाए हैं. रजत एक चौके की मदद से 5 रन बनाकर खेल रहे हैं. टीम इंडिया ने 8 ओवरों में दो विकेट के नुकसान के साथ 32 रन बनाए हैं. टीम इंडिया का दूसरा विकेट शुभमन गिल के रूप में गिरा. वे खाता तक नहीं खोल पाए. गिल को मार्क वुड ने पवेलियन का रास्ता दिखाया।

### यशस्वी जायसवाल 10 रन बनाकर आउट

यशस्वी जयसवाल 10 गेंदों में 10 रन बनाकर आउट हुए. उन्हें मार्क वुड ने पवेलियन का रास्ता दिखाया. यशस्वी ने अच्छी शुरुआत की थी. लेकिन वे इसे आगे नहीं बढ़ा पाए. यशस्वी वुड के ओवर में जो रूट को कैच थमा बैठे। शुभमन गिल अभी खाता नहीं खोल पाए हैं. मार्क वुड ने इंग्लैंड को बड़ा विकेट दिलाया है।

### खराब शुरुआत के बाद रोहित-जडेजा ने संभाली भारत की पारी

टीम इंडिया की पहले सत्र में शुरुआत खराब रही थी. लेकिन रोहित और जडेजा ने वापसी करवा दी. इन दोनों ने 98 गेंदों का सामना करते हुए 60 रनों की साझेदारी निभाई. जडेजा 24 रन और रोहित 52 रन बना चुके हैं. लंच ब्रेक कुछ ही देर में खत्म होगा। टीम इंडिया ने लंच ब्रेक तक 25 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान के साथ 93 रन बनाए. रोहित शर्मा शर्मा 74 गेंदों में 52 रन बनाकर नाबाद हैं. उन्होंने 8 चौके लगाए हैं. रवींद्र जडेजा 44 गेंदों में 24 रन बनाकर नाबाद हैं. जडेजा ने 3 चौके लगाए हैं. इंग्लैंड के लिए मार्क वुड ने 2 विकेट लिए हैं. टॉम हार्टली को एक सफलता हाथ लगी है। टीम इंडिया ने 24 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान के साथ 90 रन बनाए. रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा के बीच अर्धशतकीय साझेदारी पूरी हुई. ये दोनों ही प्लेयर्स 57 रनों की साझेदारी निभा चुके हैं. टीम इंडिया के लिए पिछला ओवर काफी अच्छा रहा. भारत ने 9 रन बटोरे. रोहित शर्मा ने कप्तानी पारी खेलते हुए अर्धशतक जड़ा. वे 72 गेंदों में 51 रन बनाकर खेल रहे हैं. रोहित ने इस पारी के दौरान 8 चौके लगाए हैं. टीम इंडिया ने 23 ओवरों में 81 रन बना लिए हैं. रोहित और रवींद्र जडेजा के बीच 48 रनों की साझेदारी हुई है. जडेजा अर्धशतक लगाकर खेल रहे हैं. टीम इंडिया के लिए रोहित और जडेजा ने अच्छी साझेदारी बना ली है।

### बीएटीसी की महिला स्पर्धा में चीन को दी 3-2 से मात दी

# पीवी सिंधू की चार माह बाद वापसी, शानदार जीत दर्ज की



**मेलबर्न, एजेंसी**

पीवी सिंधू ने चोट के कारण चार महीने बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की जिससे भारत ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) की महिला स्पर्धा में चीन की मजबूत टीम को 3-2 से हराया। ग्रुप डब्ल्यू में सिर्फ दो टीम होने के कारण पहले मुकाबले से पूर्व ही भारत की नाकआउट में जीत सुनिश्चित थी, लेकिन टीम ने शीर्ष वरीय चीन को हराकर शान से नॉकआउट में प्रवेश किया। पीवी सिंधू ने चार महीने बाद वापसी करके शानदार जीत दर्ज की। भारत ने बीएटीसी की महिला स्पर्धा में चीन को 3-2 से मात दी। भारत ने चीन को हराकर शानसे नॉकआउट में प्रवेश किया। स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने चोट के कारण चार महीने बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की, जिससे भारत ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) की महिला स्पर्धा में चीन की मजबूत टीम को 3-2 से हराया।

### इधर, प्रणय लोंग एंगस से पहला सिंगल्स मैच हार गए

इस बीच, पुरुषों में एचएस प्रणय एनजी का लोंग एंगस से 18-21, 14-21 से पहला सिंगल्स मैच हार गए, लेकिन भारत ने फिर अगले चार मैच जीते। सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने लुई चुन वाई और येउंग शिंग चोई को 21-16, 21-11 से हराया। फिर लक्ष्य सेन ने चान यिन चाक को 21-14, 21-9 से हराकर भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की जोड़ी ने चोउहिंग लोंग और हुंग कुई चुन को 21-12, 21-7 से हराया। फिर किदांबी श्रीकांत ने जैसन गुनावन को 21-14, 21-18 से हराया।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# 'सनम बेवफा' में सलमान खान की एक्ट्रेस 'चांदनी' अमेरिका में हुई काफी मशहूर

सलमान खान की फिल्म 'सनम बेवका' की खूबसूरत अभिनेत्री चांदनी को बॉलीवुड में अब शायद ही अब कोई याद करता होगा। लंबे वक्त से चांदनी बॉलीवुड फिल्मों से गायब हैं। हिन्दी फिल्मों को अलविदा कहे चांदनी को 30 साल से ज्यादा का वक्त बीत चुका है। 30 साल के इस लंबे अरसे ने चांदनी की उन यादों पर भी धूल चढ़ा दी है, जब अपनी पहली फिल्म से ही चांदनी ने शोहरत हासिल की थी।

### ऐसे नवोदिता शर्मा बनीं चांदनी

चांदनी का असल नाम नवोदिता शर्मा है। दिल्ली की रहने वाली नवोदिता शर्मा ने जब बॉलीवुड में कदम रखा तो अपना नाम चांदनी रख लिया। चांदनी जब पढ़ाई कर रही थीं, तभी एक विज्ञापन के ज़रिये उन्हें पता चला कि निर्देशक सावन कुमार टाक अपनी फिल्म के लिए हिरोइन की तलाश में हैं, जिसमें सलमान खान लीड रोल में होने वाले हैं। फिल्म 'मैने प्यार किया' की सफलता के बाद सलमान लाखों जवां दिलों की धड़कन बन गए थे। ऐसे में सलमान खान के साथ काम करने के लिए चांदनी ने भी ऑडिशन के लिए फॉर्म भर दिया, सेलेक्ट हो गईं।



### 'सनम बेवफा' की एक्ट्रेस चांदनी

इस वजह से फ्लॉप हुआ चांदनी का करियर 'सनम बेवका' सुपरडुपर हिट रही। फिल्म की कहानी से लेकर कलाकारों की एक्टिंग और गानों तक को खूब पसंद किया। सभी की जुबां पर चांदनी का नाम चढ़ गया था। हांलाकि चांदनी की ये चमक ज्यादा वक्त तक बॉलीवुड में बरकार नहीं रह सकी। चांदनी सिर्फ पांच साल तक ही फिल्मी दुनिया में टिक पाईं। कहा जाता है कि बॉलीवुड में चांदनी के ज्यादा कामयाब ना हो पाने की एक वजह निर्देशक सावन कुमार टाक के साथ साइन किया गया एक कॉन्ट्रेक्ट भी था। जिसके चलते कुछ अच्छी फिल्मों के ऑफर्स उन्होने गंवा दिये। और जब तक चांदनी उस कॉन्ट्रेक्स से बाहर आईं तबतक काफी देर हो चुकी थी। अमेरिका के ऑरलेंडो में रहने वाली चांदनी वहां एक डांस एकेडमी चलाती हैं। चांदनी की ये डांस एकेडमी काफी पॉपुलर हैं। चांदनी की डांस एकेडमी के बच्चे कई स्टेज शोज़ में हिस्सा भी ले चुके हैं। चांदनी भले ही बॉलीवुड में गुमनाम हैं लेकिन अमेरिका में वो काफी मशहूर हैं।

### अन्नया ने गुपचुप तरीके से मनाया वेलेंटाइन डे

फरवरी को पूरी दुनिया में वैलेंटाइन डे सेलिब्रेट किया जा रहा है. वहीं बॉलीवुड सितारे भी मोहब्बत के रंग में रंगे हुए नजर आ रहे हैं. ऐसे में भला बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे कैसे पीछे रह सकती हैं. एक्ट्रेस ने भी इस खास दिन को अपने स्पेशल वन के साथ सेलिब्रेट किया है. वैलेंटाइन डे पर एक्ट्रेस को अपने पार्टनर से बेहद खूबसूरत तोहफे भी मिले हैं. दरअसल, अनन्या ने अपने इंस्टा स्टोरी पर दो बेहद खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं. पहली फोटो में अनन्या गाड़ी में बैठे हार्ट शेप्ड रेड बैलून लिए हुए नजर आ रही हैं. तो वहीं दूसरी फोटो में एक खूबसूरत का फूलों का गुलदस्ता नजर आ रहा है. इसे शेयर करते हुए अनन्या ने हार्ट वाली इमोजी भी बनाई है. वहीं इन खूबसूरत तस्वीरों को देखने के बाद एक बार अनन्या और आदित्य रॉय कपूर के अफेयर के चर्चे तेज हो गए हैं. बता दें कि पिछले लंबे समय से दोनों अपने रिलेशनशिप को लेकर खबरों में बने हुए हैं।



### एक साल में टूट गई थी पुलकित सम्राट की पहली शादी... अब कृति खरबंदा संग लेंगे सात फेरे

वैलेंटाइन डे पर पुलकित सम्राट और कृति खरबंदा ने अपने फैंस को एक बड़ा सरप्राइज दिया है. दरअसल कपल ने प्यार के इस दिन पर एक-दूसरे को विश करते हुए अपनी वेडिंग डेट रिवील कर दी है. पुलकित सम्राट बहुत जल्द एक्ट्रेस कृति खरबंदा के दूल्हे बनने जा रहे हैं. इस बात का हिंट इस कपल की लेटेस्ट सोशल मीडिया पोस्ट दे रही है। बॉलीवुड का खूबसूरत कपल पुलकित सम्राट और कृति खरबंदा वैलेंटाइन डे के मौके पर एक-दूजे में खोए हुए नजर आए हैं. साथ ही कपल ने फैंस को ट्रीट देते हुए अपनी वेडिंग डेट का भी खुलासा कर दिया है। अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ये तस्वीर शेयर करते हुए कृति खरबंदा ने कैप्शन में लिखा है कि, हाथों में हाथ डाले चलो 'मार्च' करते हैं..' इस पोस्ट के बाद कपल के फैंस दोनों की शादी को लेकर एक्साइटिड हो गए हैं. दरअसल पुलकित और कृति पिछले काफी वक्त से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं. दोनों खुल्लम खुल्ला सोशल मीडिया पर एक-दूसरे पर प्यार लुटाता नजर आता है. अगर आप नहीं जानते तो बता दें कि कृति से पुलकित की ये दूसरी शादी होगी. इससे पहले उन्होंने सलमान खान की मुंहबोली बहन श्वेता रोहिरा से शादी की थी. लेकिन एक साल बाद ही दोनों का तलाक हो गया था. इसके बाद पुलकित की लाइफ में कृति की एंट्री हुई. इस कपल की मुलाकात साल 2019 में फिल्म पागलपंती के सेट पर हुई थी. यही से दोनों का प्यार परवान चढ़ा और अब जल्द ही दोनों शादी करने वाले हैं।





**मेट्रो बाजार**

# 20 साल में 20 गुनी हुई रिलायंस इंडस्ट्रीज की वैल्यू

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय शेयर बाजार की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के नाम एक और नया रिकॉर्ड दर्ज हो गया है. भारत व एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी की कंपनी पहली ऐसी भारतीय कंपनी बन गई है, जिसका मार्केट कैप 20 लाख करोड़ रुपये के पार निकला है. इस शानदार रिकॉर्ड तक पहुंचने के सफर में रिलायंस इंडस्ट्रीज ने मुकेश अंबानी के साथ-साथ अपने निवेशकों को भी मालामाल किया है. लाख करोड़ रुपये वाली कंपनियों के क्लब में रिलायंस इंडस्ट्रीज की एंट्री आज से करीब 20 साल पहले हुई थी. पहली बार रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 2005 में 1 लाख करोड़ रुपये का एमकैप हासिल किया था. अभी कंपनी की वैल्यू 20 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो चुकी है. 1 लाख करोड़ रुपये से 20 लाख करोड़ रुपये की वैल्यू के इस सफर में रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपने निवेशकों को भी करीब-करीब 30 गुने का रिटर्न दिया है. 3000 रुपये के करीब भाव पहुंचा गया है। आज के कारोबार में रिलायंस का शेयर कुछ डाउन है. शुरुआती सेशन में यह 0.53 फीसदी के नुकसान में 2,945 रुपये के पास कारोबार कर रहा था. आज की हल्की गिरावट से कंपनी का एमकैप भी कुछ कम होकर 20 लाख करोड़ रुपये से नीचे 19.93 लाख करोड़ रुपये पर आ गया है. हालांकि एक दिन पहले यह शेयर 2,969.45 रुपये के 52-वीक हाई लेवल पर गया था और एमकैप 20 लाख करोड़ रुपये के पार निकला था. 20 साल पहले रिलायंस इंडस्ट्रीज के एक शेयर का भाव सिर्फ 110 रुपये के करीब था. इस तरह देखें तो फरवरी 2005 से अब तक रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों के भाव में 2,600 फीसदी की तेजी आई है. यानी शेयरों के भाव 27 गुना चढ़े हैं।




# 2 मार्च को शनिवार के दिन भी खुलेगा मार्केट, एनएसई-बीएसई स्पेशल ट्रेडिंग सेशन

**नईदिल्ली, एजेंसी**

एनएसई और बीएसई ने 2 मार्च को स्पेशल लाइव ट्रेडिंग सेशन आयोजित करने की घोषणा की है. पहले यही सेशन 20 जनवरी को आयोजित होना था. हालांकि, रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के चलते इसे टाल दिया गया था. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ने शनिवार 2 मार्च को स्पेशल ट्रेडिंग सेशन आयोजित करने का ऐलान किया है. एनएसई और बीएसई ने सर्कुलर जारी करते हुए बुधवार को बताया कि 2 मार्च को आयोजित होने वाले इस सेशन के दौरान इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट में ट्रेडिंग की जाएगी. इस दिन डिजास्टर रिकवरी साइट (छ्रक्रस्द्बह्लद्ग) पर इंट्रा डे स्विच ओवर किया जाएगा. यह डीआर साइट साइबर अटैक जैसी परिस्थितियों में डाटा को बचाने का काम करेगी. साथ ही ट्रेडिंग भी और ज्यादा सुरक्षित हो जाएगी. सर्कुलर के मुताबिक, सभी मेंबर्स दो मार्च को डीआर साइट के लिए स्पेशल लाइव ट्रेडिंग सेशन की तैयारी कर लें. इस दौरान प्राइमरी साइट से डीआर साइट पर ट्रांसफर. पहला ट्रेडिंग सेशन सुबह 9.15 बजे से 10 बजे तक आयोजित होगा. इसके बाद दूसरा ट्रेडिंग सेशन 11.30 बजे से 12.30 बजे तक आयोजित किया जाएगा. इस स्पेशल सेशन को पहले 20 जनवरी को आयोजित किया जाना था. मगर 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के चलते इसे टाल दिया गया था. इक्विटी मार्केट में 22 जनवरी का अवकाश भी घोषित किया गया था. एनएसई पर 24 फरवरी, 2021 को एक ऐसी टेक्निकल समस्या आई थी, जिसके चलते डिजास्टर रिकवरी साइट की जरूरत महसूस की जाने लगी. एनएसई पर 1140 से लेकर 345 के बीच तक तकनीकी समस्या के चलते ट्रेडिंग रुकी रही थी. निवेशकों और ट्रेडर्स को इस दौरान बड़ी समस्या का सामना करना पड़ा था।

### पुलिस का आदेश कहकर कागज थमाया और असली कंगन लेकर फरार हो गए बदमाश

# 81 साल की बुजुर्ग से सोने के कंगन उतरवाए नकली कंगन थमाकर गए जालसाज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**भोपाल। बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित प्रिय दर्शनी कॉलोनी में 81 साल की बुजुर्ग महिला से बाइक सवार बदमाशों ने कंगन उतरवा लिए। दरअसल, आरोपियों ने कहा था कि पुलिस का आदेश है कि कोई भी महिला जेवर पहने नजर आए तो उनके जेवर उतारकर जब्त कर लिए जाए। पुलिस ने उक्त मामले में दो जालसाजों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।**

एसआई गंगाराम वर्मा ने बताया कि 81 साल की क्षमा देवी गोयल, प्रिय दर्शनी कॉलोनी, बागसेवनिया में रहती हैं। गत 12 जनवरी की सुबह वह घर से कॉलोनी के मंदिर जाने के लिए निकली थी। घर से कुछ दूरी पर उन्हें बाइक सवार दो युवक मिले। एक युवक ने उन्हें कहा कि पुलिस का आदेश है कि कोई भी महिला जेवरात पहनकर बाहर न निकले चोरी की घटनाएं बढ़ रही है। यदि कोई महिला जेवरात पहने नजर आए तो तत्काल उसके जेवरात जब्त कर लिए जाए। क्षमा देवी ने उनसे कहा कि मेरा घर पास है और मैं




घर पर जेवरात उतारकर आ जाती हूं। इस पर आरोपी ने कहा कि यह कागज लीजिए और इसमें अपने कंगन रख दीजिए। क्षमा देवी ने कागज में कंगन रख दिए। आरोपियों ने बातों में उलझाकर उन्हें दूसरा कागज थमा दिया और चले गए। संदेह होने पर क्षमा देवी ने कागज खोलकर देखा तो उसमें प्लास्टिक की चूड़ियां थी। उन्होंने घटना की जानकारी अपने बेटे मनीष गोयल को दी। मनीष उन्हें लेकर थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। ठगी गई चूड़ियों की कीमत 40 हजार रुपए बताई जा रही है।



### बदमाश से कट्टा और कारतूस बरामद

तलैया पुलिस ने एक निगरानी बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की कार्रवाई कर कट्टा और कारतूस के बारे में पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार बुधवार शाम मुखबिर से सूचना मिली थी कि सइदिया स्कूल के पास एक युवक कट्टा कारतूस लिए घूम रहा है और लोगों पर धौंस जमा रहा है। सूचना के बाद हरकत में आई?पुलिस ने इलाके की घेराबंदी करते हुए संदिग्ध को हिरासत में ले लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस मिला। हथियार का लायसेंस पूछने पर आरोपी ने बताया कि वह लायसेंस नहीं है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मुजाहिद खान पिता साजिद खान (24) निवासी बाग फरहत अफ्जा ऐशबाग बताया। पुलिस ने आरोपी का रिकार्ड चेक किया तो उसके खिलाफ पूर्व में तीन अपराध दर्ज थे। पुलिस ने आरोपी से कट्टा और कारतूस बरामद कर लिया है।

# मवेशियों की तस्करी: ट्रक से 48 गौवंश को कराया मुक्त



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अयोध्या नगर पुलिस ने रत्नागिरी तिराहा पर एक ट्रक को रोककर उसमें ठूस ठूसकर भरे 48 मवेशियों को मुक्त कराया है। पुलिस की इस कार्रवाई में ट्रक ड्राइवर और क्लीनर भाग निकले।

थाना प्रभारी महेश लिल्हारे ने बताया कि पुलिस द्वारा रात्रि गस्त और वाहन चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान बुधवार तड़के रत्नागिरी तिराहा पर एक ट्रक को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन पुलिस को देखते हुए ट्रक का चालक ट्रक को तेजी से भानपुर की तरफ ले जाने लगा। पुलिस की टीम ने ट्रक का पीछा किया तो वीरा ढाबा के पास ट्रक खड़ा कर ड्राइवर और क्लीनर भाग निकले। उन्हें पकड़ने का प्रयास किया गया, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपी भाग निकले। ट्रक का तिरपाल खोलकर देखा गया तो उसमें बेतरतीब तरीके से मवेशियों को ठूसकर ठूसकर रखा गया था। पुलिस ने ट्रक से कुल 48 मवेशी को मुक्त कराते हुए आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। मवेशियों का पशु चिकित्सालय में मेडिकल कराने के बाद उन्हें गौशाला में सुरक्षित रखा गया है।

# यात्री बस दाल मिल में घुसी, यात्री समेत आधा दर्जन घायल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित स्थित शक्ति मान चौराहा पर बुधवार शम यात्री बस दाल मिल में जा घुसी। हादसा सड़क पर खड़ी गाय को बचाने के चलते हुआ। गाय को बचाने के चलते ड्राइवर ने डिवाइडर तोड़ते हुए बस दाल मील की तरफ मोड़ दी। मील की दीवार टूटने से अंदर मौजूद पांच लोगों को मामूली चोट आई है, जबकि बस में सवार एक दर्जन सवारियों को भी मामूली चोट आई है। पुलिस के अनुसार भोपाल से सिरोंज जा रही बस बुधवार शाम शक्ति मान चौराहा पर पहुंची थी। तभी अचानक सड़क पर गाय आ गई। गाय को बचाने के फेर में ड्राइवर ने स्टेयरिंग मोड़ दिया और बस डिवाइडर तोड़ते हुए सड़क किनारे दाल मील में जा घुसी। जिस समय हादसा हुआ बस में एक दर्जन सवारी थी। उन्हें मामूली चोट आई है, जबकि बस दीवार में घुसने के कारण दीवार टूटने से अंदर मौजूद पांच लोगों को भी मामूली चोट आई है। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर पर मामला दर्ज कर लिया है।



# अस्सी साल की बुजुर्ग महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित गांव दिल्लौद में अस्सी साल की बुजुर्ग महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनकी लाश घर से करीब तीन सौ मीटर की दूरी पर गड्ढे में पड़ी मिली। घटना बुधवार सुबह की है। लाश मिलने के बाद से ही पुलिस बुजुर्ग महिला के बेटे की तलाश कर रही है, लेकिन वह झुग्गी से फरार हो गया है। अनुमान है कि उसने ही बुजुर्ग मां की हत्या की है। हालांकि बुजुर्ग के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट और डॉक्टर के ओपिनियन का इंतजार किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार ग्राम दिल्लौद निवासी 80 साल की तुलसी बाई, यहां झुग्गी में अपने अधेड़ उम्र के बेटे जगदीश उर्फजग्गा के साथ रहती थी। उनके पड़ोस में जगदीश का मौसेरा भाई संतोष खंगार रहता है। उसने पुलिस को बताया कि तुलसी मौसी का बेटा जगदीश का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है और उसने शादी नहीं की है। झुग्गी में जगदीश

**फॉरेस्ट एरिये में पौद्य रोपण के लिए खोदे गए गड्ढे में मिली लाश, बेटा फरार हत्या की आशंका**


फाइल फोटो

और मौसी तुलसी रहती थी। गत तीन दिन से मौसी कुछ खा नहीं रही थी। बुधवार सुबह वह मौसी को देखने उनके घर पहुंचा तो वह नजर नहीं आई। काफी देर तक मौसी की तलाश की तो उनकी लाश घर से तीन सौ मीटर की दूरी पर फॉरेस्ट विभाग की जमीन पर पौद्य रोपण के लिए खोदे गए गड्ढे में पड़ी नजर आई।

### पुलिस ने लाश पीएम के लिए भेजी

संतोष खंगार की सूचना पर पहुंची गुनगा पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद लाश पीएम के लिए भेज दी थी। पुलिस ने बताया कि झुग्गी में कुछ सामान नहीं था। केवल एक दो कंबल थे वह भी जगदीश अपने साथ लेकर चला गया। पुलिस को जगदीश पर संदेह है?कि उसने ही मां तुलसी बाई की हत्या की है। हालांकि तुलसी बाई के शरीर पर चोट के निशान नहीं है। साथ ही गला दबाने के निशान भी नहीं मिले है।

**मानसिक संतुलन बिगड़ने के कारण परिजन करा रहे थे इलाज**

# जल संसाधन विभाग के रिटायर्ड अधिकारी ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित जानकी नगर में बुधवार सुबह जल संसाधन विभाग से रिटायर्ड अधिकारी ने फांसी लगाकर जान दे दी। उनका मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था और परिजन मनोचिकित्सक के पास उनका इलाज भी करा रहे थे।

पुलिस के अनुसार जानकी नगर, चूनाभट्टी निवासी लखन पाराशर (64) जल संसाधन विभाग से रिटायर्ड थे। परिवार में तीन बच्चे हैं। दो बेटियों की वह शादी कर चुके हैं। कुछ समय से लखन पाराशर का मानसिक संतुलन बिगड़ गया था। कुछ दिन पहले



वह अपनी पत्नी के साथ किसी धार्मिक स्थल घूमने गए थे। उनके साथ पड़ोस में रहने वाले रिटायर्ड डीएसपी और उनका परिवार भी था। वहां उन्होंने रिटायर्ड डीएसपी से कहा था कि कुछ ठीक नहीं लग रहा। उनकी तबियत को देखते हुए वे लोग समय से पहले धार्मिक स्थल से घर लौट आए। बुधवार सुबह करीब सात बजे पत्नी ने लखन पाराशर को देखा था। उनकी नींद खुल गई थी। इसके बाद वह सो गई। कुछ देर बाद जब उनकी नींद खुली तो लखन पाराशर को हाल में पंखे के कुंदे में रस्सी के फंदे पर लटका देखा। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है।

**मेट्रो एंकर** सिर में चोट, पर अंदर से बंद थी झुग्गी, एफएसएल की टीम ने किया निरीक्षण

# ईश्वर नगर की बंद झुग्गी में मिली तीन दिन पुरानी लाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित दानापानी रोड पर ईश्वर नगर झुग्गी में बुधवार दोपहर एक युवक की लाश झुग्गी में मिलने से सनसनी फैल गई। लाश करीब तीन दिन पुरानी होने के कारण बुरी तरह से सड़ चुकी थी। मृतक के सिर में चोट के निशान मिले है, लेकिन झुग्गी अंदर से बंद थी। लिहाजा पुलिस ने हत्या की बात से इंकार किया है। पुलिस का कहना है कि एफएसएल की टीम से घटनास्थल का निरीक्षण कराया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

एएसआई संतोष मरकाम ने बताया कि ईश्वर नगर, झुग्गी दानापानी रोड निवासी काशीराम ठाकुर (40) पेशे से मजदूर था और शराब पीने का आदी था। शराब की लत के कारण उसकी पत्नी उसे छोड़कर ईश्वर नगर में अलग रह रही थी। पत्नी की उससे बातचीत नहीं होती थी, लेकिन पत्नी उस पर नजर रखती थी। करीब तीन दिन से काशीराम नजर नहीं आ रहा था। बुधवार को काशीराम की पत्नी ने भतीजे रवि ठाकुर को बताया और वह चाचा काशीराम ठाकुर को देखने उसकी झुग्गी पहुंचा। झुग्गी अंदर से बंद थी और बदबू आ रही थी।


फाइल फोटो

### बगल में बना रखा था छेद

काशीराम अक्सर शराब के नशे में खुद को बंधक बना लेता था। लिहाजा पत्नी ने गेट बाहर से खुल जाए इसके लिए एक छेद बना लिया था। उसमें हाथ डालकर अंदर की कुंदी खुल जाती थी। रवि ने कुंदी खोलकर देखा तो काशीराम ठाकुर की लाश जमीन पर पड़ी नजर आई। उसके सिर में चोट थी।

# बस स्टॉप पर यात्री बस को पीछे से मारी बोरवेल मशीन के ट्रक ने टक्कर, एक मौत, कई घायल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

रायसेन रोड स्थित सेम कॉलेज के सामने रायसेन से भोपाल आ रही बस को पीछे से आ रही बोरवेल मशीन के ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में एक महिला यात्री की मौत हो गई, जबकि चार यात्रियों को गंभीर चोट आई है। घायलों को पास ही स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा आज सुबह करीब दस बजे के आसपास का बताया जा रहा है। पुलिस ने बोरवेल मशीन के ट्रक को जब्त कर लिया है।

पुलिस के अनुसार रायसेन से भोपाल आ रही यात्री बस सुबह करीब दस बजे के आसपास सेम कॉलेज के सामने बस स्टाप पर रुक रही थी। इसी दौरान कुछ यात्री उतरने के लिए नीचे खड़े थे और कुछ चढ़ने के लिए बस की तरफ आ रहे थे, तभी पीछे से आ रही बोरवेल मशीन के ट्रक ने बस को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में बस में पीछे की तरफ मौजूद भूरी बाई निवासी रायसेन को गंभीर चोट आई?थी और उनकी मौके पर मौत हो गई, जबकि चार यात्रियों को गंभीर चोट होने के कारण उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक यात्री का पैर फैक्चर हुआ है।


फाइल फोटो




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022